


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,शनिवार 10 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-282 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षिप्त-समाचार

### ममता बनर्जी बोलीं- मेरे पास अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव

**कोलकाता, 10जनवरी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि टीएमसी की रणनीति को 'चोरी' करने के लिए ईडी बीजेपी के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के कार्यालय और इसके प्रमुख प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी के दौरान उनका वहां पहुंचना गलत नहीं था। ममता बनर्जी ने धमकी दी है कि अगर उन्हें निशाना बनाया गया तो वह बीजेपी से जुड़ी गोपनीय जानकारी का खुलासा कर देंगी। ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दस किलोमीटर लंबे विशाल विरोध मार्च के बाद कोलकाता में आयोजित रैली को संबोधित किया।

### कार हाइवा से टकराई युवक-युवती की मौत

**बिलासपुर, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है. सड़क हादसे में कार सवार युवक-युवती की मौत हो गई. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर चली गई, जिसके बाद हाइवा से जा भिड़ी. हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. बताया जा रहा है कि कार में चार दोस्त शराब पार्टी के बाद घूमने के लिए निकले हुए थे. घटना गुरुवार की दरमियानी रात की है. अब इससे जुड़ा हुआ लाइव सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. वहीं मृतकों की पहचान हो गई है. जानकारी के मुताबिक, घटना सरकंडा थाना इलाके के नूतन चौक की है. जांजगीर के रहने वाले 4 दोस्त टाटा नेक्सॉन में सवार थे. बताया जा रहा है कि वह शराब पार्टी के बाद घूमने के लिए निकले थे. नूतन चौक के पास चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया. तेज रफ्तार में ब्रेक लगने पर कार का पिछला चक्का फिसल गया. कार मुड़कर सड़क की दूसरी ओर चली गई और मुरुम लोड हाइवा से टक्कर गई. हादसे में युवती समेत 2 लोगों की मौत हुई है. मृतकों की पहचान हिमांशु राठौर और अंशु चंद्रा के रूप में हुई है. वहीं आनंद चंद्रा और नीरज दुबे भी हादसे के वक्त कार में सवार थे, जिन्हें गंभीर चोटें आई है. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.

### पोटाकेबिन के छात्र की जंगल में मिली लाश

**सुकमा, 10 जनवरी।** जिले के गादीरास स्थित आवासीय पोटाकेबिन में पढ़ने वाले 11वीं कक्षा के छात्र के आत्महत्या का मामला सामने आया है. छात्र की पहचान मड़कम विकास के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि छात्र प्रेम प्रसंग में मानसिक तनाव से जूझ रहा था. छात्र का शव पोटाकेबिन से दो किलोमीटर दूर जंगल में मिला. सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि छात्र के देर शाम से गायब होने के बावजूद प्रबंधन ने कोई खोजबीन नहीं की. न पुलिस को सूचना दी गई, न अधिकारियों को. घटनास्थल से सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक की बोतलें और जमीन पर बनाए गए अक्षर कई सवाल खड़े कर रहे हैं. पुलिस इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है, लेकिन लापरवाही की भूमिका भी जांच के दायरे में है. परिजन बेटे की मौत से सदमे में हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं. यह घटना आवासीय पोटाकेबिनों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल है.

### भगवान को प्रणाम कर मंदिर में चोरी

**दुर्ग, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चोरी का अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने मंदिर का सारा सामान झोले में भरा, फिर भगवान को प्रणाम कर फरार हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पूरा मामला भिलाई के मछली मार्केट के पास स्थित गणेश मंदिर का है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, मंदिर के दरवाजे खुले हैं। इस बीच एक पुरूष मंदिर के बाहर खड़े हैं और एक महिला मंदिर के अंदर आती है। चह पहले भगवान के दर्शन किए उसके बाद भगवान के सामने और मंदिर में रखे बर्तन और अन्य सामान एक-एक कर अपने झोले में डाल ली। महिला ने भगवान के पास से सारे सामान अपने झोले में डालने के बाद भगवान के सामने माथा टेककर प्रणाम किया और फिर वहां से रफू चक्कर हो गई।

**इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट में मुख्यमंत्री साय की बड़ी घोषणा**

## छत्तीसगढ़ में मंडी शुल्क सालभर के लिए शून्य

**रायपुर, 10 जनवरी।** इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में मंडी में लगने वाला शुल्क को शून्य करने की घोषणा की. राइस मिल एसोसिएशन की मांग पर अगले एक साल के लिए यह बड़ी राहत दी गई है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरे संस्करण का आयोजन छत्तीसगढ़ में होना सौभाग्य का विषय है. धान की जितनी प्रजातियां छत्तीसगढ़ में हैं, उतनी कहीं और नहीं है. छत्तीसगढ़ में हजारों किस्म के चावल उपलब्ध हैं. उन्होंने कहा कि इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट में अनेक स्टॉल लगे, अलग-अलग किस्म के चावल प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें दंतेवाड़ा का स्टॉल भी शामिल है. साथ ही ऑर्गेनिक सेक्टर में प्रगति देखने को मिली है.



सीएम साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ का करीब 1 लाख मीट्रिक टन चावल 90 देशों में एक्सपोर्ट होता है. पिछली बार भी बड़ी मात्रा में धान खरीदी की गई थी. इस बार भी धान खरीदी जारी है. किसानों को सरकार का सहयोग मिल रहा है. धान के प्रोडक्शन में लगातार वृद्धि हो रही है. उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा देशों में धान एक्सपोर्ट करने की कोशिश है. यह समिट आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी.

## ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ: सीडीएस

**अनिल चौहान बोले- पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा**

**नई दिल्ली, 10 जनवरी।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक बार फिर बड़ी बात कही है। सीएम अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर रुका है, अभी खत्म नहीं हुआ है। हमारे पास इस बात का सबूत है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि उनकी शिकस्त का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अपना सैन्य ढांचा बदलना पड़ा।

अनिल चौहान ने पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर-2.0 के सवाल पर भारतीय सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकी या पाकिस्तान सेना भारत के खिलाफ छद्म युद्ध करेंगे भारत उसी दिन ऑपरेशन सिंदूर-2.0 को लॉन्च कर देगी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के भारत के खिलाफ गंदी हरकत को उसी की भाषा में



जवाब दिया जाएगा। पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल 2026 में गोखले इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स में बोलते हुए जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान ने जो कदम उठाए, जैसे कि सैन्य कमांड संरचना में बदलाव, यह दिखाता है कि वहां संघर्ष के दौरान गंभीर कमियां थीं। पाकिस्तान ने जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी के अध्यक्ष के पद को खत्म कर दिया और इसके बजाय चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया। इसके साथ ही नेशनल स्ट्रेटेजी कमांड और आर्मी रॉकेट फोर्सेज कमांड भी बनाई गई। जनरल चौहान ने कहा कि इससे भूमि, संयुक्त और रणनीतिक सैन्य शक्तियां एक ही व्यक्ति के हाथ में केंद्रित हो गई हैं। उन्होंने कहा कि यह संयुक्तता के मूल सिद्धांत के खिलाफ है और भूमि-केंद्रित सोच को दिखाता है। ऐसा केंद्रीकरण पाकिस्तान की सेना के अंदर समस्याएं पैदा कर सकता है। जनरल चौहान ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर और पहले की कार्रवाइयों जैसे उरी सर्जिकल स्ट्राइक, डोकलाम और गलवान स्टैंडऑफ, और बालाकोट एयर स्ट्राइक से कई सीख मिली। इन ऑपरेशनों को नई, स्थिति-विशिष्ट कमांड व्यवस्था के तहत किया गया। उन्होंने कहा, 'अब हम एक मानकीकृत प्रणाली बना रहे हैं जिसे सभी परिस्थितियों में लागू किया जा सके।

## सीएम योगी बोले- हिंदू एक नहीं हुए तो सर्वनाश

**बांग्लादेश की स्थिति हम लोगों के लिए चेतावनी**

**लखनऊ, 10 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हो हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा को लेकर इशारों में विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला। प्रयागराज में जगदगुरु रामानंदाचार्य की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिंदुओं को बांटने की कोशिश हो रही है। जाति, मत, संप्रदाय के नाम पर विभाजन उसी तरह हम लोगो के लिए सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे बांग्लादेश में हम देख रहे हैं। बांग्लादेश के अंदर जो हो रहा है, उस पर कोई बोल नहीं रहा है। सेक्यूलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वाले लोग चुप हैं। इन लोगों ने हिंदू धर्म को तोड़ने और बांटने की पूरी ताकत लगा दी है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश की घटना पर इनका (विपक्ष का) मुंह बंद है। ऐसा लगता है किसी ने इनके मुंह पर फेविकोल चिपका दिया है। ऐसे लगता है कोई टेप इनके मुंह पर चिपक चुका है। बांग्लादेश की घटना को लेकर इनके द्वारा कोई कैंडल मार्च नहीं निकाला जा रहा है। यह हम सब लोगों के लिए चेतावनी भी है।



सीएम योगी ने कहा कि हिंदुओं को बांटने वाले और तोड़ने वाले लोगों को पनपने न दें। इन लोगों को किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ने देना है। इन सब संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे तो आने वाला समय सनातन धर्म का ही होगा। पूरी दुनिया के अंदर सनातन झंडा दिखाई देगा। तब कोई बांग्लादेश में हिंदू को काटने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा। कहा कि हमारा संत समाज जब एक मंच पर आकर उद्घोष करता है तो परिणाम भी आता है। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण संतों की साधना और तप का ही परिणाम है।

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी पहले पीएम हैं जो राम मंदिर दर्शन करने के लिए गए। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी गए। मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद सनातन धर्म की ध्वजा पताका को भी फहराया। जो लोग आज भी आपको बांट रहे हैं। ये आपके हितैषी नहीं हो सकते हैं। कभी नहीं होंगे। ये वही लोग हैं जो सत्ता में थे तो परिवार को देखते थे। आज तमाम तरह के नारे देंगे, लेकिन इनको जब भी मौका मिलेगा ये वही करेंगे जो पहले किया था। सनातन धर्म पर प्रहार करेंगे। दंगों की आड़ में फिर से लोगों को झुलसाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस पावन धरा पर भक्ति शिरोमणि जगतगुरु रामानंदाचार्य का प्राकट्य हुआ वह प्रयागराज है। यहां मां गंगा भी हैं, यमुना भी हैं। मां सरस्वती भी हैं। यहां न्याय भी है। धर्म भी है। ज्ञान भी है। यहां की पावन त्रिवेणी में स्नान करके दैहिक, दैविक और भौतिक पाप नष्ट हो जाते हैं। रामानंदाचार्य दिव्य गुणों को आत्मसात करके महान बने। आज के समय में उनके जैसी दिव्य दृष्टि की जरूरत है ।सामान्य लोग अपने लिए जीते हैं लेकिन एक महामानव की दृष्टि संपूर्ण जगत के जागरूकता के लिए होती है।

## वकील को मैसेज भेजकर लगाया 55 हजार का चूना

**रायपुर, 10 जनवरी।** राजधानी में साइबर ठगों ने कारोबारी बनकर वकील के साथ 55 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया है. आरोपियों ने वाट्सएप पर झांसे में लेकर यूपीआई के माध्यम से ट्रांजेक्शन करवाया. वकील को रकम कुछ घंटों के बाद वापस करने की बात कही गई थी, लेकिन ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट भेजते मैसेज डिलीवर नहीं हुआ. जवेलर्स दुकान के वास्तविक फोन नंबर पर बात करने पर पता चला कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार से पैसों की मांग नहीं की गई है. तब वकील को ठगी का एहसास हुआ और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई. पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार शंकर नगर सेक्टर-02, दुर्गा मैदान के पास निवासी एवं पेशे से वकील विजय कुमार दास अपने परिवार के साथ रहते हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि आठ जनवरी को शाम करीब 4.15 बजे उनके मोबाइल नंबर पर वाट्सएप के जरिए 55 हजार रुपये भेजने का संदेश आया. मैसेज भेजने वाले ने खुद को उनका परिचित नवकार ज्वेलर्स बताते हुए कहा कि उसका यूपीआई फिलहाल काम नहीं कर रहा है और वह दो घंटे के भीतर रकम वापस कर देगा. परिचित होने के कारण भरोसा कर विजय कुमार दास ने यूनियन बैंक पंडरी रायपुर स्थित अपने खाते से फोन-पे के माध्यम से 55 हजार रुपये बताए गए यूपीआई आइडी पर ट्रांसफर कर दिए. ट्रांजेक्शन के बाद उन्होंने भुगतान का स्क्रीनशाट वाट्सएप पर भेजा, लेकिन मैसेज डिलीवर नहीं हुआ. इसके बाद उन्होंने नवकार ज्वेलर्स के वास्तविक मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजा. कुछ देर बाद नवकार ज्वेलर्स की ओर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि उनका वाट्सएप अकाउंट हैक हो गया है और उन्होंने किसी से भी पैसे नहीं मांगे हैं. तब जाकर विजय कुमार दास को ठगी का एहसास हुआ. ठगों ने वाट्सएप अकाउंट हैक कर नवकार ज्वेलर्स के नाम पर संदेश भेजकर उनसे 55 हजार रुपये का आनलाइन ट्रांजेक्शन करवा लिया.

## हमारे मंदिरों को लूटा गया और हम बेबस होकर देखते रहे : डोभाल

**नई दिल्ली, 10जनवरी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि भारत की आजादी बहुत बड़ी कीमत पर मिली है। पीढ़ियों ने अपमान, विनाश और भारी नुकसान झेला। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करें और अपने मूल्यों, अधिकारों तथा विश्वासों पर आधारित एक मजबूत और महान भारत का निर्माण करें। 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' के उद्घाटन समारोह में दिए गए भाषण में डोभाल ने कहा- यह स्वतंत्र भारत हमेशा से इतना स्वतंत्र नहीं रहा जितना आज दिखता है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए बहुत बड़े त्याग किए। उन्होंने भारी अपमान सहे, गहरी असहायता के दौर देखे। बहुत से लोगों को फांसी दी गई... हमारे गांव जला दिए गए। हमारी सभ्यता नष्ट हो गई। हमारे मंदिरों को लूटा गया और हम बेबस होकर देखते रहे। यह इतिहास हमारे सामने एक चुनौती पेश करता है कि आज भारत के हर युवा के अंदर वह आग होनी चाहिए। 'बदला' शब्द सही नहीं है, लेकिन बदला अपने आप में एक शक्तिशाली ताकत है। हमें अपने इतिहास का बदला लेना है। हमें इस देश को वापस उस जगह ले जाना है जहां हम अपने अधिकारों, अपने विचारों और अपनी मान्यताओं के आधार पर एक महान भारत बना सकें। डोभाल ने आगे कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता बहुत उन्नत और शांतिप्रिय थी। उन्होंने चेतावनी दी कि अतीत में सुरक्षा खतरों की अनदेखी से कठोर सबक मिले। उन्होंने भावी पीढ़ियों से इन सबकों को याद रखने का आग्रह किया और कहा कि भूलना देश के लिए सबसे बड़ी त्रासदी होगी। उन्होंने कहा- हमारी एक अत्यधिक विकसित सभ्यता थी। हमने कभी किसी के मंदिर नहीं तोड़े। हम कहीं लूटने नहीं गए। जब दुनिया बहुत पिछड़ी हुई थी, तब भी हमने किसी देश या विदेशी लोगों पर हमला नहीं किया। लेकिन हम अपनी सुरक्षा और खुद पर आने वाले खतरों को समझने में नाकाम रहे। जब हम उनके प्रति लापरवाह रहे, तो इतिहास ने हमें एक सबक सिखाया।

## पाक में हिंदू किसान की हत्या विरोध में ऐतिहासिक प्रदर्शन

**करांची, 10 जनवरी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बदीन जिले में एक युवा हिंदू किसान की हत्या के बाद व्यापक विरोध-प्रदर्शन भड़क गए हैं। पाकिस्तानी समाचार पत्र द नेशन की रिपोर्ट के अनुसार, कैलाश कोलही नामक किसान को एक प्रभावशाली जमींदार सरफराज निजामानी ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि यह विवाद जमींदार की जमीन पर एक झोपड़ी बनाने को लेकर हुआ था। हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने बदीन–हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग और बदीन–थार कोयला सड़क पर धरना शुरू कर दिया, जिससे सैकड़ों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। प्रदर्शनकारियों ने ऐलान किया कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता और पाकिस्तान दरावर इत्तेहाद के चेयरमैन शिवा काच्छी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म X पर बयान साझा करते हुए कहा कि कैलाश कोलही की हत्या के खिलाफ चल रहा यह धरना इतिहास रच रहा है। उन्होंने कहा- कल सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक यह धरना बिना रुके जारी रहा। यह केवल एक विरोध नहीं, बल्कि जख्मी जमीर की पुकार है। पुरुष, महिलाएं, बुज़ुर्ग और मासूम बच्चे- सब एक ही मांग को लेकर सड़कों पर डटे रहेः कैलाश कोलही के हत्यारों की गिरफ्तारी।

शिवा काच्छी ने आगे कहा कि थकान, भूख और रात की ठंड के बावजूद प्रदर्शनकारियों का हौसला नहीं टूटा। उन्होंने कहा- कैलाश कोलही का एकमात्र 'अपराध' यह था कि वह गरीब और हाशिए पर रहने वाला था। उसके बच्चों के आंसू, उसकी मां का शोक और उसकी विधवा की खामोश पीड़ा आज पूरे सिस्टम से सवाल कर रही है- क्या गरीबों का खून इतना सस्ता है? इससे पहले पीड़ित परिवार और समुदाय के लोगों ने पीरू लशारी स्टॉप पर शव रखकर प्रदर्शन किया था। उस समय एसएसपी बदीन ने आश्वासन दिया था कि 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना चार दिन पहले पीरू लशारी शहर क्षेत्र के राहो कोलही गांव में हुई थी, लेकिन ज़िला पुलिस अधिकारियों के आश्वासनों के बावजूद अब तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। चल रहे धरने में कई राजनीतिक, राष्ट्रवादी, धार्मिक और सामाजिक संगठनों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

**जसवंत क्लाडियस**

**11 जनवरी को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि**

## खेलकूद के प्रति शास्त्री जी का दृष्टिकोण

मेरे विचार से खेलकूद और मनुष्य का जीवन एक सिक्के के दो पहलू हैं। इस संसार में जन्म लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति समाज के किसी ना किसी क्षेत्र से जुड़ा होता है। वह वैज्ञानिक, चिकित्सक, लेखक, विचारक, कृषक, प्रशासक या नेतृत्वकर्ता हो सकता है लेकिन खेलकूद का उसके मन मस्तिष्क में महत्व होता है। हमारे देश के प्रधानमंत्रियों में भी खेल के प्रति लगाव पाया जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भी खेलकूद के प्रति दिलचस्पी रखते थे। देश के नागरिकों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए उन्होंने खेलकूद के महत्व को समझा। बचपन में उन्होंने स्थानीय प्रचलित खेलों का पूरा आनंद लिया। एक-दूसरे सामान्य बच्चे की तरह लाल बहादुर जी ने बचपन में खेलों में भाग लेते हुए हार व जीत के स्वाद को चखा और सफलता या असफलता का आकलन किया। यही घटनाक्रम उनके आगामी राजनीतिक जीवन के लिए लाभप्रद रहा। क्रीड़ा के माध्यम से सबसे पहले अनुशासन व समय की पाबंदी के महत्व को शास्त्री जी ने सीखा और समझा। शास्त्री जी के सार्वजनिक जीवन पर सरसरी तौर पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने खेलकूद की प्रतियोगिताओं से भी सबक लिया था। जनप्रतिनिधि होते हुए प्रधानमंत्री तक के सफर में शास्त्री जी ने कार्यकर्ताओं को अनुशासित होने और समय पर सभी कार्यों को पूरा कर लेने की सलाह देते रहे। जब वे स्वयं सांसद, केंद्रीय मंत्री या प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी को निभाया तो उन्होंने समय पर कार्यालयीन कार्य शुरू करने और समाप्त करने का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह आज भी भारत के राजनेताओं के लिए चुनौती है। जिस तरह खेल स्पर्धाओं में टीम वर्क और नेतृत्व की क्षमता की जरूरत होती है वे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में भी इसी तरह के गुण के विकास की अपेक्षा करते थे। कामयाबी पाने के लिए जिस तरह टीम को एकता के साथ आपसी तालमेल की जरूरत होती है उसका आज के राजनैतिक परिस्थिति में विशेष स्थान है। चुनाव जीतने की रणनीति में आज भले ही कुछ तब्दीली आई है लेकिन नेतृत्व क्षमता के विकास के द्वारा जिम्मेदार नागरिक बना जा सकता है। शास्त्री जी की सोच थी कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग का निवास स्थान होता है। अतः वे इस बात पर विश्वास करते थे कि खेलकूद में शामिल होना जीवन के लिए प्रतिदिन जरूरी है। प्रधानमंत्री के पद पर होते हुए भी शास्त्री जी रोज व्यायाम करते थे क्योंकि वे मानते थे कि शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने से मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। शास्त्री जी मानते थे कि खेलकूद से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलता है। एक टीम का जब चयन होता है तो उसमें जाति, धर्म, अमीर-गरीब, वर्ण, रंगभेद का कोई स्थान नहीं होता है। सब मिलकर खेलते हैं तो खिलाड़ियों तथा नागरिकों के मन में राष्ट्रवाद की भावना बलवती होती है। इस तरह न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा मिलता है बल्कि देशभक्ति को मजबूती मिलती है। हम पाते हैं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जहां एक ओर जय जवान, जय किसान के नारा के द्वारा हमारे देश भारत को एक सूत्र में पिरोया वही दूसरी आर खेल को समाज देश व स्वयं के लिए आवश्यक बताया।



### डुप्लीकेट यूरिया बेचने वाला पकड़ाया

**चिचोला, 10 जनवरी।** पाठकोहरा में विभिन्न ब्रांड के यूरिया का लेबल तथा स्टिकर लगाकर बेचने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. घटना का मुख्य आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है. चिचोला पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मंगल पांडे पिता उषा दत्त पांडे उम्र 52 वर्ष निवासी अंसलायन गांव थाना शिवनाथी नगर जिला बालोद छत्तीसगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम पाठकोहरा में जुम्मन बाबा के बाड़ा बिल्डिंग में जुम्मन खान के द्वारा अवैध रूप से सहित अम्ल टाटा पैरोटेक्स एंड गल्फ अमोनियम इंडियन लिमिटेड के कंपनी का डुप्लीकेट यूरिया को नकली डुप्लीकेट होलोग्राम व स्टिकर लगाकर बेचा जा रहा है. चिचोला तथा साइबर सेल की संयुक्त टीम ने संबंधित स्थान में दबिश दी. जहां मुख्य आरोपी जुम्मन खान नहीं मिला. वहां एक अन्य आरोपी उपस्थित था, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया. आरोपी का नाम ईद याकूब पिता इशाक याकूब उम्र 19 वर्ष निवासी महोबा उत्तरप्रदेश बताया जाता है. आरोपी के कब्जे से कुल 147 बोरी में 20-20 बोरी का डुप्लीकेट यूरिया जब्त किया गया.

# विधायक के कार्यों से पंडरिया विकास का नया अध्याय लिख रहा : साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 जनवरी।** पंडरिया विधानसभा के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए आज ऐतिहासिक क्षण रहा। आज पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों के भूमिपूजन समारोह में लगभग दस हजार से अधिक की संख्या में जनता उपस्थित रही और पंडरिया के विकास के एक नए अध्याय की साक्षी बानी। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के माननीय उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नगर पालिका परिषद पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत 19 करोड़ 94 लाख 75 हजार रुपये के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भुमि पूजन कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी ने विधायक भावना बोहरा जी की अनुशंसा पर नगर पालिका पंडरिया को दो करोड़ और नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी के सर्वांगीण विकास के लिए एक एक करोड़ रुपए के सौगात की घोषणा की और उनके द्वारा की गई मांगों को भी पूरा करने हेतु आश्वस्त किया। यह विकास कार्य पंडरिया विधानसभा की समृद्धि और विकास यात्रा को नई गति देगा। समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि विधायक भावना बोहरा ने जनसेवा को अपना संकल्प बनाया है। उनके निरंतर प्रयासों और सक्रियता से पंडरिया विधानसभा विकास के नए अध्याय लिख रहा है। जनप्रतिनिधि भावना बोहरा निरंतर आपकि सेवा में जुटी हुई हैं। मैं बचपन से पंडरिया आ रहा हूँ लेकिन आज यहां उपस्थित जनसैलाब पंडरिया के इतिहास में पहली बार देख रहा हूँ। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की सेवा और क्षेत्र के विकास का अवसर जो आप सभी ने अपने बहमूल्य समर्थन से मुझे दिया है वह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज 19 करोड़ से अधिक के विकास कार्य में क्षेत्र की जनता को समर्पित करती हूँ। पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा कि आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक है। पंडरिया विधानसभा को मिली यह सौगात भाजपा सरकार के विकास का संकल्प और विधायक भावना बोहरा की प्रतिबध्दता को दर्शाता है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया नगर नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है और विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी। पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की डिप्टी सीएम अरुण साव और विधायक भावना दीदी को पंडरिया विधानसभा में और पंडरिया नगर पंचायत में विकास की सौगात के लिए दिल से आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हू । अनुसूचित बीजेपी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे , बीजेपी नेता सीताराम साहू , दीपा पप्पू धुर्वे जिला पंचायत सभापति , पंडरिया अध्यक्ष नंदनी साहू, इंदौरी नगर अध्यक्ष मित्रीन बाई माण्डले सहित बीजेपी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## एसएसपी ने स्टाफ की बैठक ली

**भिलाई, 10 जनवरी (तछसं.)।** दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने कोर्ट मोहर्रिर व आरक्षक की बैठक लिया सेक्टर- 6 भिलाई नगर पुलिस कंट्रोल में हुए बैठक में एसएसपी द्वारा चिन्हित अपराध योजना के अंतर्गत चयनित अपराधों में दर्ज प्रथम सूचना पत्र से लेकर अंतिम विचारण तक की जानकारी रखने और अपराधों के रजिस्टर संधारण करने हिदायत दिया बैठक में एसएसपी ने कहा कि निगरानी गुंडा बदमाशों, गंभीर अपराध में शामिल अरोपियों के जमानत निरस्तीकरण के प्रक्रिया के बारे में भी समझाया एएसपी अभिषेक झा, मणिशंकर चंद्रा समेत जिले के सभी थाना चौकी के कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक शामिल हुए

## एक नजर

### दहशत फैलाने वाला डॉ.दुष्यंत खोलसा एक वर्ष के लिए जिलाबदर

**भिलाई, 10 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र कज अहिवारा में अपना क्लीनिक खोलकर व्यवसाय की आड़ में लोगों को डराने, धमकाने व मारपीट कर दशहत का माहौल कायम करने वाले डा. दुष्यंत खोलसा को एक वर्ष के लिए जिलाबदर कर दिया गया है डॉ दुष्यंत खोसला के विरुद्ध नंदिनी थाने में मारपीट करने, डराने-धमकाने का पांच अपराधिक प्रकरण दर्ज है डॉ दुष्यंत खोसला को गुण्डा बदमाश की सूची में लाया गया था ताकि इस पर पूर्ण नियंत्रण लगाकर इसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके, लेकिन उसके कृत्य में किसी तरह का सुधार नहीं आया आरोपित लगातार समाज विरोधी एवं अपराधिक गतिविधियों से लोगों में डर फैला रहा था आरोपित के द्वारा लगातार समाज विरोधी अपराधिक एवं गतिविधियों के माध्यम से लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न किया जाता रहा, जिस पर दुर्ग पुलिस द्वारा जिला बदर के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया कलेक्टर दुर्ग द्वारा आठ जनवरी 2026 को डॉ दुष्यंत खोसला के विरूद्ध छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के तहत जिला दुर्ग, सरहदी जिला राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बालोद एवं कबीरधाम की सीमाओं से एक वर्ष के लिए निष्कासित किए जाने का आदेश पारित किया गया है ।



### नशीले कैप्सूल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई सिंथेटिक नशा चिट्टा और नशीली कैप्सूल के मामलों में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भिलाई तीन और खुर्सीपार पुलिस ने खुर्सीपार निवासी मोनू सिंह उर्फ मैना और राज सिंह उर्फ शेरू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है दोनों आरोपी अलग-अलग प्रकरणों में फरार थे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर के अनुसार, खुर्सीपार आईटीआई ग्राउंड क्षेत्र में नशीली कैप्सूल व टैबलेट की अवैध बिक्री के मामले में पहले ही दो नाबालिग समेत 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी कड़ी में फरार मोनू सिंह को पकड़ा गया इस प्रकरण में करीब 2.5 हजार नशीली कैप्सूल,10.7 मिलीग्राम चिट्टा, एक कार और छह मोबाइल जब्त किए गए थे इसी तरह भिलाई तीन थाना क्षेत्र के हेरोइन (चिट्टा) मामले में छठवें फरार आरोपी राज सिंह उर्फ शेरू को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हिम्मत साहू को किया सम्मानित



**कवर्धा,10 जनवरी (तछसं.)।** मात्सोगी-डो एसोसिएशन ऑफ जम्मू-कश्मीर के तत्वावधान में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय मात्सोगी-डो चैम्पियनशिप 2025 का सफल आयोजन दिनांक 28 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू में किया गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के उभरते हुए खिलाड़ी हिम्मत साहू ने असाधारण कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक (त्नश्चद्यस्त्र स्न्द्गस्त्रड्ढद्य) अपने नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल कबीरधाम जिला बल्कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य गौरवान्वित हुआ है। अपने शानदार और सराहनीय प्रदर्शन के आधार पर हिम्मत साहू का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय मात्सोगी-डो प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है, जो जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।इस गौरवपूर्ण अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार पटेल द्वारा हिम्मत साहू का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने हिम्मत साहू की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं खेल के प्रति प्रतिबद्धता की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। हिम्मत साहू की इस उल्लेखनीय सफलता से जिले के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी तथा कबीरधाम जिले की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर और अधिक सुदृढ़ होगी।

# स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ का आंदोलन,मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**रिसाली,10 जनवरी।** स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ रिसाली के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की शुरुआत कर दी है। आंदोलन के प्रथम चरण में मंगलवार दोपहर कर्मचारियों ने नगर निगम परिसर में गेट मीटिंग आयोजित की। इसके पश्चात नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। निगम प्रशासन की ओर से कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने ज्ञापन प्राप्त किया। पहले दिन के आंदोलन से नगर निगम की सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। दोपहर 12 बजे कर्मचारी गेट पर एकत्र हुए, बैठक की और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने बताया कि 16 जनवरी को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। गेट मीटिंग में संगठन के अध्यक्ष अमित चंद्राकर, महासचिव अखिलेश वर्मा सहित प्रकाश साहू, चंद्रपाल हरमुख, मंगल कुर्रे, महेश टंडन, टिकेंद्र वर्मा, हीरामणि चंद्राकर, वीरेन्द्र देशमुख, महेश कोठारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। संगठन की प्रमुख 10 मांगें- शासन घोषणा के अनुरूप अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण। ठेका प्रथा समाप्त कर अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किया जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर 105 रुपये प्रति व्यक्ति चुंगी कर लागू किया जाए। स्थायी व्यवस्था बनाकर तय तिथि पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू की जाए। छठवें व सातवें वेतनमान के एरियर्स का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों के इलाज हेतु 5 लाख रुपये तक कैशलेस सुविधा दी जाए। नवीन सेटअप स्वीकृत कर पदोन्नति का लाभ दिया जाए। डाटा एंट्री ऑपरेटर, लाइनमैन, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट, सफाई दरोगा, कामगार, प्लंबर आदि के लिए पदोन्नति चैनल तय कर नए पद स्वीकृत किए जाएं।आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को निरस्त किया जाए।

## अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 24 जनवरी तक धमतरी में

**दुर्ग, 10 जनवरी ।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2025-26 हेतु भर्ती रैली का आयोजन 10 से 24 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इन्डोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में किया जा रहा है। भर्ती रैली में विभिन्न जिलों हेतु तिथि निर्धारित है। दुर्ग जिले के सीईई परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा हेतु निर्धारित की गई है। शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु आवेदिक पद एवीजीडी के लिए शनिवार, 17 जनवरी 2026, एवी टीडीएन (10वीं) के लिए मंगलवार, 20 जनवरी और एवी (टीटी)/एवी (सीएलके/एसकेटी) एवी टीडीएन 8वीं के लिए बुधवार, 21 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार चिकित्सा परीक्षा हेतु आल एवी सीएटी गुरूवार, 22 एवं शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है। ि



## कर्णधार युवा संगठन ने ग्राम के मुख्य सड़क के गड्ढों को ठीक किया

**उतई, 10 जनवरी।** ग्राम मड़ियापार में एक समस्या थी जो लंबे समय से परेशानी का कारण बन रही थी - सड़क पर गड्ढे। बारिश के दिनों में ये गड्ढे पानी से भर जाते थे और स्कूली बच्चों व लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। लेकिन अब, जन हित में युवा संगठन ने इस समस्या का समाधान कर दिया है !युवा संगठन के सदस्यों ने मिलकर सड़क पर गड्ढे को ठीक करने का फैसला किया। उन्होंने अपने स्तर पर कार्य कर जितने भी गड्ढे को भर दिया गया। अब सड़क एक बार फिर से सुरक्षित और सुगम हो गई है।उनका यह प्रयास न केवल ग्राम के विकास में योगदान करता है, बल्कि यह एक अच्छा उदाहरण भी है कि कैसे युवा लोग मिलकर समाज के लिए कुछ कर सकते हैं।

स्वागत



**भिलाई, 10 जनवरी।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता हरेन्द्र दूबे ने हाल ही में नई दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर हरेंद्र दुबे ने नितिन नबीन का आत्मीय स्वागत किया। भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।

## निर्यात कर के विरोध में प्रतिनिधिमंडल ने प्रेमप्रकाश पाण्डेय से की मुलाकात



**भिलाई, 10 जनवरी।** नगर निगम भिलाई द्वारा शहर के उद्योगपतियों को निर्यात कर लगाए जाने संबंधी नोटिस जारी किए जाने के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। इस संबंध में पाण्डेय ने वित्त सचिव मुकेश बंसल से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जीएसटी लागू होने के समय यह स्पष्ट प्रावधान किया गया था कि नगर निगम संपत्ति कर को छोड़कर कोई अन्य कर नहीं लेगा, क्योंकि शेष सभी कर जीएसटी में समाहित कर दिए गए हैं। इसके पश्चात पाण्डेय ने नगर निगम आयुक्त से भी चर्चा की और निर्यात कर के नाम पर नोटिस जारी किए जाने पर आपत्ति जताई। इस पर आयुक्त ने बताया कि मामला मार्गदर्शन हेतु शासन को भेजा गया है तथा अंतिम निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा।



## उद्यानिकी फसलों में उच्च उत्पादन तकनीकी विषय पर सेमिनार संपन्न

**कवर्धा,10 जनवरी (तछसं.)।** जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत शासकीय उद्यान रोपनी लालपुरकला में उद्यान विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय उद्यानिकी फसलों में उच्च उत्पादन तकनीकी विषय पर सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास शामिल हुए। सेमीनार में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू , विभाग के अधिकारी कर्मचारी, कृषक शामिल हुए।

## बाल साहित्य विशेषांक विमोचन व काव्य गोष्ठी 11 को

**भिलाई, 10 जनवरी।** मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में नववर्ष के उपलक्ष्य पर बाल साहित्य विशेषांक पत्रिका का विमोचन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन शनिवार 11 जनवरी को गीता भवन ब्रज मंडल, सेक्टर-6 में किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शंकराचार्य विश्वविद्यालय की सहा-प्रोफेसर डॉ. रंजना शर्मा होंगी, जबकि अध्यक्षता मुक्तस्वर साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सुपरिचत कथाकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल, पुलिस अधीक्षक सीआईडी नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, बीएसपी के पूर्व महाप्रबंधक रजनीकांत श्रीवास्तव, विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा शर्मा, लेखिका नेहा वार्ष्णेय तथा समाजसेवी पत्रकार श्रीधर राव शामिल होंगे। संचालन समिति की उपाध्यक्ष शीशलता शालू करेंगी।

## विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता 11 को

**भिलाई, 10 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सुरक्षा जागरूकता माह जनवरी 2026 के अंतर्गत 11 जनवरी रविवार को सुनीति उद्यान, सेक्टर-8 पार्क में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों सहित शारीरिक रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कुल छह श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट आयोजक द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि रंग व अन्य सामग्री स्वयं लानी होगी। चयनित चित्रों को 19 से 23 जनवरी तक नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को 19 जनवरी को प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर पंजीकरण करा सकते हैं।

## बीएसपी ने टीक्यूटी-2026 के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**भिलाई, 10 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में कक्षा 9वीं प्रवेश तथा बीएसपी कर्मचारियों के मेधावी बच्चों की पहचान हेतु टीक्यूटी-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 31 जनवरी 2026 है। टीक्यूटी-2026 में बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों के लिए पंजीकरण शुल्क 150 रुपये, गैर-बीएसपी विद्यार्थियों के लिए 350 रुपये निर्धारित है।

# राज्य स्तरीय यूसीमास अबेकस प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन




**भिलाई, 10 जनवरी।** राज्य स्तरीय अबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन राम मंदिर स्थित महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप रायपुर में किया गया। लिसनिंग प्रतियोगिता की बी-2 श्रेणी में आरोही अप्पा वागास्कर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूसीमास सिंधिया नगर, दुर्ग सेंटर के 93 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए।

जिनय पटेल ने चैंपियन का खिताब जीता। भव्या ठाकरे चैंपियन बने, जबकि राघवन मंडावी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसी ग्रुप की एस. वी. आदित्य ने तीसरा और अंशुमन कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया। आरोही अप्पा ने दूसरा तथा पूर्वी देवांगन ने छठवां स्थान प्राप्त किया। आदित्य कुमार ने छठवां स्थान हासिल किया। चारु देवांगन चौथे, चांदनी साहू पांचवें तथा श्रुति कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिवांश अप्पा चैंपियन बने, जबकि अभिराज यादव ने पांचवां एवं आद्विक बंसल ने छठवां स्थान प्राप्त किया। एस. वी. सायशा ने पांचवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा भूमिका ठाकुर, भार्गवी बिसेन, आफिफा खानम, मोर्या कुमार साहू, हर्षित साहू, आध्या बोरेकर और अथर्व ठाकरे ने मेरिट रैंक प्राप्त कर दुर्ग का नाम रोशन किया।

## आयुक्त के निर्देश पर जोन-1 में नाला चैनेलाइजेशन व निर्माण कार्य जारी

**भिलाई, 10 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के विकास को गति देने के उद्देश्य से जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत नाला चैनेलाइजेशन, सार्वजनिक मंच, नाली निर्माण सहित रिटेनिंग वॉल एवं पुलिया निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नागरिकों की मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वार्ड क्रमांक 3 मॉडल टाउन में नाला चैनेलाइजेशन एवं सार्वजनिक मंच का निर्माण किया जा रहा है। वहीं वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर एवं आनंद नगर में नाली निर्माण, कोसानाला क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल एवं पुलिया निर्माण तथा सुपेला घड़ी चौक से लोहिया पेट्रोल पंप मुख्य मार्ग के किनारे नाली निर्माण कार्य प्रगति पर है। सार्वजनिक मंच के निर्माण से नागरिकों को विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में सुविधा मिलेगी। नाली एवं पुलिया निर्माण पूर्ण होने के बाद सड़कों पर अनावश्यक रूप से बहने वाला पानी नालियों के माध्यम से सुचारू रूप से निकासी हो सकेगा।



# भ्रमण के दौरान आयुक्त ने नागरिकों की सुनीं समस्याएं



**भिलाई, 10 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 अंतर्गत फुटबॉल ग्राउंड, सफाई व्यवस्था, उद्यान, पानी टंकी एवं नालों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने सेक्टर-9 अस्पताल के समीप स्थित फुटबॉल ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैदान में प्रकाश व्यवस्था, पानी एवं सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बंद लाइटों को शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात हॉस्पिटल सेक्टर स्थित बाजार एवं बस्ती क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई, पानी, नाली एवं सुलभ शौचालय की स्थिति का निरीक्षण किया गया। बस्ती में निवासरत नागरिकों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्राप्त करने को लेकर भी चर्चा की गई। आयुक्त ने सड़क 9-10 के बीच स्थित उद्यान का अवलोकन किया, जहां लगाए गए पौधे, खेल सामग्री एवं साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। साथ ही समीप स्थित पानी टंकी का निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नाले का भी अवलोकन किया गया। स्थानीय निवासियों ने पानी टंकी के समीप पेवर ब्लॉक लगाए जाने की मांग रखी। निरीक्षण के समय सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, संजीव सैमुएल, वेंकट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्रीय टीम का व्यापक निरीक्षण

**दुर्ग, 10 जनवरी ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान की तैयारियों के क्रम में कार्यालय डीडीजी (टीबी), सेंट्रल टीबी डिवीजन के निर्देशानुसार केंद्रीय टीम द्वारा दुर्ग जिले का दौरा किया गया। इस दौरान डीडीजी (टीबी) डॉ. शोबिनी राजन, तथा टीबी ऑफिसर डॉ. भवानी सिंह कुशवाहा सेंट्रल टीबी डिवीजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का भ्रमण किया गया।केंद्रीय टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमलेश्वर (विकासखंड पाटन), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन तथा ए.आर.टी. सेंटर दुर्ग का निरीक्षण किया।

## निधन

**भिलाई, 10 जनवरी।** अत्यंत दुख के साथ आप सभी को सूचित किया जाता हैं की वार्ड 09 नेहरू नगर उतई निवासी कुशाल चंद्र साहू का आज रात को आकस्मिक निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। वे केजा बाई साहू के पति, जितेंद्र साहू और किशोर साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज उतई के पिताजी, बालमुकुंद साहू, विशाल राम साहू के बड़े भैया थे, जिनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 11:00बजे,उतई के स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।



## कुत्तों के बारे में सबके अनुभव हो सकते हैं अलग-अलग

यह तो सब जानते हैं कि कुत्ते बहुत वफादार होते हैं। वफादार कुत्ते कोई समस्या नहीं रहे कभी, वह तो गर्व का विषय होते हैं कि देखो हमारे घर का कुत्ता कितना वफादार है। घर के कुत्ते वफादार होते हैं, इसलिए घर वालों के लिए कोई समस्या नहीं होते हैं, बाहर वालों के लिए कभी कभी समस्या होते है। वफादारी साबित करने के लिए घर के कुत्तों को भौंकना पड़ता है और आदमी न डरे तो उसे काटना भी पड़ता है। घर के कुत्ते कभी कभार ही किसी को काटते हैं, इसलिए वह इतनी बड़ी समस्या नहीं बने हैं कि उन पर सुप्रीम कोर्ट में बहस हो। समस्या तो घर के बाहर के कुत्ते हैं, मोहल्ले के कुत्ते हैं, नगर निगम क्षेत्र के कुत्ते हैं, शहर के कुत्ते हैं।एक तो वह वफादार नही होते हैं,दूसरे शहर के कुत्ते होकर भी शहर के लोगों को काटते हैं।शहर के लोगों को ही काटते हैं इसलिए वह हर शहर के लिए समस्या हो गए हैं। इतनी बड़ी समस्या हो गए हैं कि उन पर सुप्रीम कोर्ट में बहस हो रही है कि इस समस्या का समाधान कैसे किया जाए, क्या किया जाए। आंकड़ों के मुताबिक हमारे प्रदेश में तीन लाख आवारा कुत्ते हैं,वहीं रायपुर नगर निगम में इनकी संख्या ४५ हजार के आसपास है।निगम हर साल कुत्तों की संख्या कम करने के लिए एक करोड़ रुपए खर्च करता है। कुत्तों की संख्या कम होगी तो वह लोगों को काटेंगे कम।आंकड़ों के मुताबिक रायपुर में रोज ३०-३५कुत्ते किसी न किसी को कहीं न कहीं काट लेते है। साल २०२४ में अंबेडकर अस्पताल में २८३२ डाग बाइट के केस आए थे,यह आंकड़ा २०२३ में १९२९ था यानी हर साल ज्यादा कुत्ते ज्यादा लोगों को काटते हैं।सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सच हो सकता है कि आवारा कुत्तों के मामले में नगर पालिकाओं ने कुछ नहीं किया लेकिन यह बात नगर निगम के लिए भी सच हो सकती है।चाहे नगरपालिका हो या नगरनिगम वह किसी भी राज्य के हों उनका आचरण एक जैसा होता है,कहने को वह कहते हैं हम बहुत कुछ करते हैं। जैसे रायपुर निगम अभी एक करोड़ रुपए कुत्तों की संख्या कम करने के लिए खर्च करता है लेकिन इसका परिणाम यह तो होता नहीं है कि निगम क्षेत्र में डाग बाइट की संख्या कम हुई है। निगम कितने भी करोड़ खर्च करे और लोगों को कुत्ते काटे तो लोगों को यही लगेगा कि निगम कुछ नहीं करता है। कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के नगरपालिका ने कुछ नहीं किया कहने का यही मतलब है। कुत्तों के काटने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ की यह टिप्पणी सच हो सकती है कि कुत्ते सूंघ कर पता लगा लेते हैं कि कौन व्यक्ति डरा हुआ है और डरे हुए व्यक्ति को काटते हैं।एक बार काटे हुए व्यक्ति को इसीलिए बार बार काटते हैं कि वह कुत्तों को देखकर डर जाता है।यह भी संभव है कि कुत्तों के काटने के मामले में अलग अलग राज्यों के लोगों अनुभव अलग अलग हो।कुछ लोग कह सकते हैं मैं तो कुत्तो से डरता नहीं हूं फिर भी मुझे काट लिया। कई लोग कह सकते हैं कि हमने तो कुत्तों को डराने का प्रयास किया तो उन्होंने काट लिया।कुछ लोग कह सकते हैं कि रात में अकेले देखकर कुत्ते डराते हैं, कुत्ते संख्या में ज्यादा हों तो आदमी तो डरेगा ही।जिसको एक बार कुत्ता काट ले तो वह तो कुत्तों से डरेगा ही कि कहीं फिर न काट ले।सुप्रीम कोर्ट के जज के हिसाब से तो कुत्ता काटता है तो उसके लिए आदमी दोषी है,वह कुत्तों को देखकर डरता क्यों है। नही डरेगा को कुत्ता नहीं काटेगा, नहीं भागेगा तो नही काटेगा। हम भारत के लोग कुत्तों के काटने पर भी कुत्तों से बहुत प्यार करते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों को सड़क से हटाने का फैसला सुनाया तो बहुत सारे डाग लवरों ने उसका विरोध किया, कहा यह तो कुत्तों के साथ अन्याय है, देश में लावारिस कुत्तों की हमलों की बढ़ती संख्या और उससे उत्पन्न जनसुरक्षा के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को स्पष्ट किया कि उसने सड़क से हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया है।उसका आदेश केवल यह सुनिश्चित करने के लिये है।लावारिस कुत्तों के साथ पशु जन्म नियंत्रण नियमो के अनुसार किया जाए।कोर्ट ने माना है कि बुनियादी ढांचे की समस्या है,यह वास्तविक समस्या है लेकिन नियमों का पालन न होना स्वीकार नहीं है।कुत्तों की संख्या बढ़ गई है तो उसे कम तो करनी पड़ेगी।स्कूलों, अस्पतालों व हाइवे पर कुत्ते है तो उनको हटाना तो पड़ेगा।

**जहाँ से विश्व को दिशा मिले : विवेकानंद और विश्वगुरु भारत की संकल्पना**

# भारत की वेदांत परंपरा 'वसुधैव कुटुंबकम्'

डॉ. सत्यवान सौरभ

इक्कीसवीं सदी का विश्व गहरे अंतर्विरोधों से घिरा हुआ है। एक ओर अभूतपूर्व वैज्ञानिक-तकनीकी प्रगति, वैश्वीकरण और संचार क्रांति है, तो दूसरी ओर युद्ध, जलवायु संकट, असमानता,



नैतिक पतन और पहचान आधारित संघर्ष। यह खंडित और असंतुलित वैश्विक परिदृश्य किसी ऐसे वैचारिक मार्गदर्शन की मांग करता है, जो केवल भौतिक समाधान न दे, बल्कि मानवता को नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार भी प्रदान करे। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद का भारत को 'विश्वगुरु' के रूप में देखने का दृष्टिकोण असाधारण रूप से प्रासंगिक प्रतीत होता है।



स्वामी विवेकानंद के लिए 'विश्वगुरु' होने का अर्थ किसी राजनीतिक या सैन्य प्रभुत्व से नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक नेतृत्व, नैतिक मार्गदर्शन और सार्वभौमिक मानव मूल्यों के प्रसार से था। उनका विश्वास था कि भारत की वेदांत परंपरा—जो 'वसुधैव कुटुंबकम्', सर्वधर्म समभाव और आत्मिक एकता पर आधारित है—विश्व की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकती है। आज जब विश्व विचारधाराओं, राष्ट्रवादों और आर्थिक प्रतिस्पर्धाओं में बंटा हुआ है, विवेकानंद की यह दृष्टि पहले से अधिक प्रासंगिक हो उठती है। वेदांत का केंद्रीय सिद्धांत है—अद्वैत या एकत्व। यह मान्यता कि समस्त सृष्टि एक ही चेतना की अभिव्यक्ति है, आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्याओं—युद्ध, हिंसा और पर्यावरण विनाश—की जड़ पर प्रहार करती है। यदि मानव स्वयं को प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग माने, तो पर्यावरण शोषण की प्रवृत्ति स्वतः ही नियंत्रित होगी। आज का जलवायु संकट इसी अलगाववादी दृष्टि का परिणाम है, जिसमें प्रकृति को उपभोग की वस्तु माना गया। वेदांत का 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' का विचार सतत विकास और पर्यावरणीय नैतिकता के लिए सुदृढ़ दार्शनिक आधार प्रदान करता है।

स्वामी विवेकानंद ने धर्म को कर्म और समाज से जोड़कर देखा। उनके अनुसार सच्चा धर्म वह है जो मनुष्य को दुर्बल नहीं, बल्कि सशक्त बनाए। आज वैश्विक समाज जिस नैतिक संकट से गुजर रहा है—भ्रष्टाचार, नेतृत्व की विश्वसनीयता में गिरावट, उपभोक्तावाद—उसका समाधान इसी कर्मयोगी वेदांत में निहित है। कर्मयोग का सिद्धांत, जो निस्वार्थ सेवा और कर्तव्यबोध पर आधारित है, आधुनिक शासन, राजनीति और कॉर्पोरेट नेतृत्व को नैतिक दिशा दे सकता है। जब नेतृत्व केवल लाभ और सत्ता के बजाय सेवा और उत्तरदायित्व से संचालित होगा, तभी वैश्विक विश्वास बहाल हो सकेगा। विवेकानंद का वेदांत संकीर्ण परंपरावाद नहीं था। वे आधुनिक विज्ञान, तर्क और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने पश्चिमी विज्ञान और पूर्वी अध्यात्म के समन्वय की बात की। आज, जब तकनीक तीव्र गति से आगे बढ़ रही है, लेकिन उसके नैतिक परिणामों पर पर्याप्त विमर्श नहीं हो रहा, यह समन्वय अत्यंत आवश्यक हो जाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में वेदांतिक नैतिकता मानव-केंद्रित विकास सुनिश्चित कर सकती है, ताकि प्रगति मनुष्य को साधन न बनाकर उसका कल्याण करे।

वैश्विक असमानता आज की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। आर्थिक विकास के बावजूद संसाधनों का असमान वितरण, विकसित और विकासशील देशों के बीच खाई को और गहरा कर रहा है। वेदांत का 'अपरिग्रह' और 'लोकसंग्रह' का विचार ऐसी आर्थिक व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें विकास समावेशी हो और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। विवेकानंद ने गरीबों और वंचितों की सेवा को ईश्वर की सेवा माना। यह दृष्टि कल्याणकारी राज्य, सामाजिक न्याय और वैश्विक उत्तरदायित्व की अवधारणाओं को नैतिक आधार प्रदान करती है।

सांस्कृतिक स्तर पर, आज का विश्व पहचान की राजनीति और सांस्कृतिक टकरावों से जूझ रहा है। धर्म, नस्ल और राष्ट्र के नाम पर बढ़ती असहिष्णुता ने वैश्विक शांति को खतरे में डाल दिया है। विवेकानंद का सर्वधर्म समभाव और सांस्कृतिक बहुलता का संदेश ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है। वेदांत किसी एक मत का प्रचार नहीं करता, बल्कि सत्य के विविध मार्गों को स्वीकार करता है। यह दृष्टि अंतर-सांस्कृतिक संवाद, सहिष्णुता और शांति स्थापना का मजबूत आधार बन सकती है। युवाओं को लेकर स्वामी विवेकानंद की दृष्टि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र और विश्व के भविष्य के रूप में देखा। आज की वैश्विक समस्याओं—जलवायु परिवर्तन, बेरोजगारी, हिंसक उग्रवाद—का समाधान तभी संभव है, जब युवा शक्ति नैतिक मूल्यों, नवाचार और वैश्विक उत्तरदायित्व के साथ आगे आए। वेदांत युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और उद्देश्य प्रदान करता है, जिससे वे केवल कुशल पेशेवर नहीं, बल्कि संवेदनशील वैश्विक नागरिक बन सकें।

भारत की भूमिका यहाँ विशेष महत्व रखती है। भारत यदि स्वयं अपनी परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन साधने में सफल होता है, तो वह विश्व के लिए एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। योग, आयुर्वेद, ध्यान और अहिंसा जैसे भारतीय विचार आज वैश्विक स्तर पर स्वीकार किए जा रहे हैं। ये केवल सांस्कृतिक निर्यात नहीं, बल्कि मानवता के लिए वैकल्पिक जीवन-दृष्टि हैं। भारत का 'सॉफ्ट पावर' इसी वेदांतिक विरासत में निहित है, जो संवाद, सहयोग और सहअस्तित्व पर बल देती है। हालांकि, विवेकानंद के 'विश्वगुरु' दृष्टिकोण की आलोचनात्मक समीक्षा भी आवश्यक है। इसे आत्ममुग्धता या सांस्कृतिक श्रेष्ठतावाद में बदलने का खतरा सदैव रहता है। विवेकानंद का भारत-बोध विनम्रता, आत्मालोचन और सेवा पर आधारित था, न कि प्रभुत्व पर। अतः भारत को पहले अपने भीतर सामाजिक विषमताओं, लैंगिक असमानताओं और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी चुनौतियों का समाधान करना होगा। बिना आंतरिक सुदृढ़ता के वैश्विक नेतृत्व का दावा खोखला सिद्ध हो सकता है। अंततः, स्वामी विवेकानंद का 'विश्वगुरु भारत' कोई अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की संभावना है। वेदांत के सिद्धांत—एकत्व, करुणा, निस्वार्थ कर्म और संतुलन—आज के खंडित विश्व को जोड़ने की क्षमता रखते हैं। परंपरा और आधुनिकता का यह समन्वय ही भारत को एक नैतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक मार्गदर्शक बना सकता है। यदि विश्व को केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि मानवीय दिशा चाहिए, तो विवेकानंद का वेदांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना एक सदी पूर्व था।

## सू- दोकू क्र.282

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.281 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -282

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 281 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | वं | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपको करियर में अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके ऊपर कुछ कर्जा था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपकी समस्याएं बढ़ने से आपका खर्चा भी अधिक होगा। संतान पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही दिखा सकती है, जिससे आपको टेंशन होगी। आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की योजना बनाएंगे।

**वृषभ राशि**-आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने कारोबार में कुछ योजनाओं की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आप अपने काम को लेकर मेहनत अधिक करेंगे, लेकिन आपका स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन रहेगा, जिससे परिवार के सदस्य नाराज हो सकते हैं। आप अपने कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपको बिजली के उपकरणों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों मे वृद्धि होगी और आपको काम अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान भी रहेंगे। लेकिन आपकी संतान को नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। आपको अपने भाई से किए हुए वादे को पूरा करने की आवश्यकता है।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए सुख साधनों की प्राप्ति के लिए रहेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। पारिवारिक व्यवसाय में किसी बात को लेकर कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और अपने सामानों को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़ें। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने रहन सहन के स्तर में सुधार लाएंगे, जिसके लिए आप अच्छा खासा खर्च भी करेंगे।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आपके खिलाफ आज कोई पॉलिटिक्स रची जा सकते हैं, जिससे आपको सतर्क रहना होगा और अपने कामों को पूरी ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। यदि आप किसी कहीं ट्रैवलिंग पर जाने की सोच रहे हैं, तो उसमें अपने माता-पिता से सलाह मशवरा अवश्य करके जाएं। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे और खर्चा भी अधिक होगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**कन्या राशि**-आज आपके सामने कुछ खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी और आप अपने भाई व बहनों से कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। यदि पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में कोई लड़ाई झगड़ा लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। घूमने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान दें, तभी आपका प्रमोशन होगा।

**तुला राशि**-आज आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। आपके मन में कुछ उलझन रहने से आप परेशान रहेंगे। यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं और किसी से कोई वादा भी सोच समझ कर करें, क्योंकि आने वाले समय में आपको उसे पूरा करने में समस्या आ सकती हैं। भगवान की भक्ति में आपका खुब मन लगेगा और आप किस पूजा पाठ का भी आयोजन कर सकते हैं। आपको कुछ लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने मेहनत का पूरा फल मिलेगा और लेन-देन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जो जातक नौकरी को लेकर इधर-उधर भाग दौड़ में लगे हैं, उन्हें भी कोई बेहतर अफसर हाथ मिलेगा। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे और किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाने की आवश्यकता है।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। नौकरी बदलने के आपके जो प्रयास है, वह आपके लिए बेहतर रहेंगे। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा। परिवार में बड़े बुजुर्गों की बातों को आप पूरा महत्व देंगे। पारिवारिक रिश्तों में एकजुटता बनी रहेगी। आपको अपनी आंखों का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी और माता जी की सेहत को लेकर आपको थोड़ा एहतियात बरतनी होगी। आप आज किसी के बहलाने फुसलाने में आकर कोई बड़ा जोखिम लेने से बचे, नहीं तो इससे बाद में आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। सरकारी कामो को लेकर आपको भाग दौड़ बनी रहेगी।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आप काफी परेशान रहेंगे और संतान को आप कहीं बाहर घूमने फिरने भी लेकर जा सकते हैं। आप किसी मांगलिक उत्सव में जाने की तैयारी करेंगे, लेकिन यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है, जो आपको खुशी देगी। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। किसी संपत्ति की प्राप्ति भी हो सकती है।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए धर्म कर्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं और कुछ कामों को लेकर आपका मन विचलित रहेगा। पारिवारिक मामलों को आप अपने जीवनसाथी के साथ मिल बैठकर निपटाएंगे। आज आप अपने लिए कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से पेंडिंग था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

# एसआईआर ड्राफ्ट में भाजपा का शहरीगढ़ कमजोर पड़ने के संकेत

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान(एसआईआर) ने मतदाता सूची में भारी परिवर्तन ला दिया है। दो करोड़ 89 लाख नाम कटने से राजनीतिक दलों में हलचल मच गई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां एक दल अपनी मजबूती का दावा करता रहा है। इस अभियान की शुरुआत चार नवंबर को हुई और यह 26 दिसंबर तक चली, जिसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा डुप्लीकेट नामों को हटाया गया। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 15 करोड़ 44 लाख से घटकर 12 करोड़ 55 लाख रह गई। लखनऊ जैसे शहरी क्षेत्रों में 30 प्रतिशत से अधिक नाम कटे, जहां पहले 39 लाख 90 हजार मतदाता थे, अब 27 लाख 90 हजार बचे। गाजियाबाद में 8 लाख 18 हजार नाम हटे, जो 29 प्रतिशत है। प्रयागराज में 11 लाख 56 हजार, कानपुर में नौ लाख तथा आगरा में 8 लाख 36 हजार नाम कटे। ये आंकड़े बताते हैं कि शहरी इलाकों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहां प्रवासी मजदूर तथा मध्यम वर्ग के लोग गांवों की ओर स्थानांतरित दिखे। भाजपा को इन क्षेत्रों में अपनी मजबूती का भरोसा था, लेकिन नाम कटने से चिंता बढ़ गई। लखनऊ तथा गाजियाबाद जैसे संसदीय क्षेत्र उसके गढ़ माने जाते हैं, जहां शहरी वोट बैंक मजबूत था। विपक्ष के अनुसार, कटे नामों में भाजपा समर्थक 80 से 90 प्रतिशत हैं, जिससे पार्टी को नुकसान हो रहा। मुख्यमंत्री से लेकर संगठन स्तर तक बैठकों का दौर चल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने विधायकों तथा सांसदों के साथ वर्चुअल बैठकें कीं तथा कार्यकर्ताओं को शादियों जैसे कार्यक्रम स्थगित कर अभियान पर ध्यान देने को कहा। संगठन तथा संघ की समन्वय बैठक में भी लापरवाही पर चिंता जताई गई। भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क में निष्क्रिय रहे, जिससे फॉर्म भरवाने तथा समस्याएं सुनने का काम कमजोर पड़ा। समाजवादी पार्टी ने इस दौरान सक्रियता दिखाई। पार्टी ने जगह-जगह कैम्प लगाए तथा अपने मतदाताओं के फॉर्म भरवाए। कानपुर तथा अमेठी जैसे स्थानों पर बूथवार सत्यापन किया तथा ड्राफ्ट सूची की प्रतियां लीं। इससे उनके वोटरों के नाम कम कटे तथा जो कटे, उन्हें जोड़ने का प्रयास तेज है। सपा प्रवक्ता मोहम्मद आजम खान ने कहा कि भाजपा को भारी नुकसान होगा जबकि सपा का वोट जोड़ा जाएगा। विपक्षी दलों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में सत्ता विरोधी लहर वाले इलाकों में कटौती ज्यादा हुई, जो सपा के ग्रामीण आधार को फायदा पहुंचाएगी। उधर, बहुजन समाज पार्टी तथा कांग्रेस पर अभियान का असर मिश्रित दिख रहा है। बसपा के पारंपरिक दलित बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में नाम कटौती कम रही, लेकिन शहरी सीटों जैसे आगरा तथा लखनऊ में 25 से 30 प्रतिशत कमी से उसके वोट शेयर पर दबाव पड़ सकता है। आगरा में 8 लाख नाम कटे, जहां बसपा मजबूत रही है। फिर भी, डुप्लीकेट तथा मृत नाम हटने से सूची शुद्ध होने से बसपा को लंबे समय में फायदा मिल सकता है, क्योंकि उसके कोर वोटर ग्रामीण हैं जहां कटौती 12 से 18 प्रतिशत रही। कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान शहरी अल्पसंख्यक तथा गरीब वोट से हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दलित, गरीब तथा अल्पसंख्यक प्रभावित हुए तथा प्रक्रिया जल्दबाजी वाली थी। मुस्लिम बहुल जिलों में कटौती कम रही, लेकिन कुल 2.89 करोड़ में कांग्रेस समर्थक वोटरों की हिस्सेदारी से उसका वोट प्रतिशत घट सकता है। प्रमोद तिवारी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। कुल मिलाकर, अभियान से भाजपा के शहरी गढ़ कमजोर हुए हैं। लखनऊ में 12 लाख कटौती से प्रति विधानसभा 60 से 80 हजार वोट कम हुए, जो 10 से 15 सीटें प्रभावित कर सकता है। सपा की सक्रियता से उसे ग्रामीण मजबूती मिली। बसपा को मामूली फायदा ग्रामीण आधार से, लेकिन शहरी नुकसान। कांग्रेस को सर्वाधिक हानि अल्पसंख्यक वोट से। अब छह फरवरी तक दावे आपत्तियां दर्ज होंगी, जिसमें दल सक्रिय हैं। यह प्रक्रिया आने वाले चुनावों का समीकरण बदल सकती है, क्योंकि शहरी वोट ग्रामीण की ओर खिसके।

**व्यंग्य**

# ट्रम्प खुश हुआ

सुनील पांडे, रायपुर

शायद ही कोई दिन गुजरता हो, जब ट्रम्प किसी देश को धमकाते न हों। ये उनकी दिनचर्या में शामिल है। धमकी उनके लिए टॉनिक जैसी है। वेनेजुएला के राष्ट्रप्रमुख को बेताल की तरह



उठा लिये,उनका जुलूस निकाल दिया जैसे पुलिस किसी अपराधी का निकालती है। तब आत्ममुग्ध ट्रम्प ने पहले अपनी पीठ खुद थपथपाई होगी, वाह रे मैं। फिर अपने जांबाज सिपाहियों को बधाई दी होगी। श्ट्रम्प खुश हुआ, मोगेम्बो की तरह।श् आत्ममुग्ध ट्रम्प की शान में किसी ने खूब कहा है,

लगा के आग शहर को, ये बादशाह ने कहा, उठा है आज दिल में तमाशे का शौक बहुत

झुका के सर सभी शाहपरस्त बोल उठे, हुजूर का शौक सलामत रहे, शहर हैं और बहुत।

इस हैरतअंगेज श्ट्रम्प शोश् या कहें रियलिटी शो को देख, कई छोटे राष्ट्रप्रमुख हिल गए होंगे अपनी जगह से। कइयों की चीखें निकल गई होंगी, जिनमें से एक पाकिस्तान भी है। कुछ भी कहो, पड़ोसी हमें अच्छा नहीं मिला है। मगर प्यार और युद्ध में सब जायज है। अब समरथ नहीं बल्कि ट्रम्प को नहीं दोष गोसाई कहना चाहिये। दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प कुछ ज्यादा ही आक्रामक पारी खेल रहे हैं। बेचारे कब से नोबल शांति पुरस्कार के लिये मर रहे है, कोई ध्यान नहीं दे रहा। एकाध दिन भड़कने वाले हैं और नोबल समिति को पूरा का पूरा उठाने वाले हैं क्योंकि शांति के सबसे बड़े ठेकेदार वही हैं। भारत विश्वगुरू बनने की राह पर है मगर यह भी ट्रम्प को कैसे बर्दाश्त होगा क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा दादा वे खुद को समझते हैं। ऐसे में एक गुरू के रहते दूसरा गुरू कैसेघ्

पिछले कार्यकाल में सीधे एक देश ग्रीनलैंड को खरीदने की घोषणा कर दी थी मानों श्ग्रीनलैंड फार सेल।श् एक संप्रभु राष्ट्र नहीं रियल एस्टेट हो गया। ग्रीनलैंड को गुड्डा-गुड्डी समझ लिया डालर के डीलर ने। अब खबर आई है, अगले बीस दिनों में ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा होगा। ऐसा लगता जैसे मकान की रजिस्ट्री बस होने ही वाली हो।

वेनेजुएला संकट पर चिंतित भारत ने सीधी और सधी प्रतिक्रिया दी है,संवाद से समाधान निकालें। युक्रेन युद्ध पर रसिया को दो टूक कह दिया था, ये युद्ध का समय नहीं। तब हमने भी चार लाइनें सुना दी थी,

यूक्रेन को पड़े जान के लाले हैं
महाशक्ति रूस ने युद्ध पाले हैं
अमेरिका ने भी हाथ सेंक डाले हैं
भारत छोड़, बाकि के मुंह पर ताले हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी पंचायत संयुक्त राष्ट्रसंघ को समझ नहीं आ रहा, क्या करें इस ट्रम्प काघ्आम आदमी को बाहरी हवा लगती तो उसका झाड़फूक कराते हैं। मगर ट्रम्प तो वोट पावर के साथ ही वीटो पावर लेकर बैठे हैं।

ट्रम्प शोश् क्षणिक तालियों के लिये भले रोमांचक लगे मगर यह टकराव की पटकथा है। अब समय आ गया है, मोह छोड़, श्नमस्ते टम्पश् कहने का। अमेरिका आए दिन भारत को टैरिफ का टेरर यानेश्टैरिफिज्मश् दिखाते हैं। हमें बताना होगा कि भारत भीड़ का हिस्सा नहीं है, किसी का गुलाम नहीं। मगर सनकी आदमी से कौन लगे। समर्थ भारत समय की मांग है। एक बात तय है दुनिया जब लड़ रही होती, तब ट्रम्प खुश होते हैं और जबट्रम्प खुश होते हैं तो दुनियां को चिंता होनी चाहिए।

## एक नजर

### राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन 12 जनवरी को

**कांकेर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर 12 जनवरी सोमवार को पर भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा रंगोली का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बैंडमिंटन क्लब माहुरबंदपारा कांकेर में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में तीन विधाओं को शामिल किया गया है, जिसमें जिला मुख्यालय के समस्त स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी एवं खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए खेल अधिकारी ने बताया कि युवा दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम', आत्मनिर्भर भारत, नशामुक्त भारत शपथ एवं विवेकानंद जी के विचारों व योगदान पर परिचर्चा किया जाएगा।

### बस्तर पण्डुम के आयोजन को लेकर समाज प्रमुखों से की गई रायशुमारी

**कांकेर, 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग की जनजातीय संस्कृति, स्थानीय कला, पारंपरिक लोक गीत, लोक नृत्य, व्यंजन, परिधान, पेय पदार्थों के मूल संरक्षण एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर पण्डुम -2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन एवं सामाजिक जनों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने आज जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी द्वारा समाज प्रमुखों की बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय सामाजिक प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किए गए तथा मार्गदर्शन प्राप्त किए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बस्तर पण्डुम का एक दिवसीय जिला स्तरीय आयोजन आगामी 28 जनवरी को ग्राम भीरावाही के गोंडवाना भवन में किया जाएगा। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज शाम 4.30 बजे आहूत बैठक में कार्यक्रम स्थल, आयोजन समितियों का गठन, प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था, अधिकाधिक कलाकारों की सहभागिता तथा सिलसिलेवार विधाओं की बेहतर प्रस्तुति पर द्विपक्षीय चर्चा की गई। इसके अलावा आयोजन के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए बस्तर की जनजातीय पारंपरिक विरासत व संस्कृति को सहेजने तथा लुप्तप्राय आदिवासी सभ्यता को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया गया। साथ ही जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर पण्डुम के नोडल अधिकारी श्री मंडावी ने उपस्थित सभी समाज प्रमुखों को आवश्यक सहयोग करने की अपील की। बैठक में यह भी तय किया गया कि पारंपरिक पूजा पद्धति से जुड़े गायता, पटेल, पुजारी आदि के माध्यम से आयोजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सीईओ ने विधावार तैयारियां सुनिश्चित करने और सामूहिक, युगल और एकल प्रस्तुतियों में पूर्व से तैयारियां एवं जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही परस्पर समन्वय स्थापित करने की बात उन्होंने कही।

### पशु चिकित्सालयों में छोटे एवं बड़े पालतू पशुओं का नियमित उपचार हो रहा है

**कांकेर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कांकेर ने बताया कि जिले के पशु चिकित्सालयों में छोटे-बड़े पालतू पशुओं का नियमित उपचार किया जा रहा है। उन्होंने जिले जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2010-11 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पॉली क्लिनिक भवन निर्माण के लिए 16.50 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुआ था, जिससे पॉली क्लिनिक भवन निर्माण किया गया, किन्तु शासन स्तर पर पद सरंचना स्वीकृत नहीं होने के कारण उक्त पॉली क्लिनिक प्रारंभ नहीं हो पाया है। पॉली क्लिनिक भवन के लिए पद सरंचना स्वीकृत नहीं होने के कारण एक्स-रे मशीन, ऑपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी मशीन क्रय नहीं किया गया है। इसलिए उक्त भवन के रख-रखाव को दृष्टिगत् रखते हुए कार्यालयीन भण्डार शाखा एवं अन्य शाखा उपयोग कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कांकेर ने बताया कि जिला पशु चिकित्सालय में सभी प्रकार के छोटे एवं बड़े पालतू पशुओं का उपचार एवं शल्य क्रिया किया जा रहा है, इसलिए चिकित्सकीय कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है। साथ ही केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित मोबाईल वेटनरी यूनिट जिले के सभी 07 विकासखण्डों में टोल फ्री नम्बर 1962 भी संचालित है, जिसके माध्यम से त्वरित उपचार की सुविधा भी जन सामान्य को उपलब्ध हो रहा है।

# 5 दिवस के भीतर गांधी मैदान की अव्यवस्था को दूर करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 10 जनवरी।** आज जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व मे संभाग मुख्यालय जगदलपुर में स्थित गांधी मैदान के अव्यवस्थाओं में सुधार व नई प्रबंधन समिति का गठन करने की मांग व अल्टीमेटम के साथ 05 दिवस के भीतर कार्य को संपादित करने को लेकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण द्वारा नगर निगम जगदलपुर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने बताया जगदलपुर शहर का हृदय स्थल 'गाँधी मैदान' खिलाड़ियों और स्थानीय युवाओं के अभ्यास का प्रमुख केंद्र है।अत्यंत खेद का विषय है कि विगत दो वर्षों से उचित रखरखाव और प्रबंधन के अभाव में मैदान की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। निगम सरकार व प्रशासनिक अनदेखी के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

श्री झा ने कहा मैदान में लगे चारों हाई-मास्ट/फ्लड लाइट खंभों की अधिकांश लाइटें खराब हैं। शाम होते ही मैदान में अंधेरा छा जाता है, जिससे खेल गतिविधियां पूरी तरह बाधित हो रही हैं। इनका तत्काल मेंटेनेंस कराया जाए। मैदान की धूल उड़ने से रोकने और नमी बनाए रखने के लिए सुबह-शाम टैंकरों के माध्यम से पानी के छिड़काव की नियमित व्यवस्था की जाए।क्रिकेट पिच की स्थिति सुधारने हेतु उसमें तत्काल'काली मिट्टी' डलवाई जाए एवं वाइब्रेटर रोलर चलाकर उसे खेलने योग्य बनाया जाए।मैदान की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दोनों मुख्य द्वारों पर मजबूत ताले लगाए जाएं ताकि अनाधिकृत प्रवेश रोका जा सके। मैदान में स्थित बोरवेल वर्तमान में बंद पड़ा है।इसे तत्काल सुधरवाकर पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही मैदान के भीतर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है,जिससे खिलाड़ियों के लिए असुरक्षित माहौल बन रहा है। इस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए। मैदान स्थित सुलभ शौचालय वर्तमान में जर्जर और उपयोग के अयोग्य है। खिलाड़ियों की सुविधा हेतु इसका जीर्णोद्धार कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। बस्तर जिला युथ कांग्रेस आपसे मांग करती है कि उपरोक्त समस्याओं पर आगामी 05 दिवस के भीतर उचित एवं धरातलीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में सुधार कार्य प्रारंभ नहीं होता है, तो खिलाड़ियों के हितों की रक्षा हेतु यूथ कांग्रेस एवं स्थानीय खिलाड़ी चरणबद्ध आंदोलन करने तथा नगर निगम कार्यालय का घेराव करने हेतु बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, विक्रम सिंह डांगी,पार्षद शुभम यदु,ललिता राव जिला उपाध्यक्ष सोनारु नाग,आकिब रज़ा,शेख सद्दाम रज़ा,वैभव नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष रजत जोशी,आदर्श नायक, प्रभुदास नाग,प्रदीप सेठिया,हस्द्ध प्रदेश महासचिव आदित्य बिसेन महासचिव हेमंत पाण्डेय, उस्मान रज़ा,कृष्णा उपाध्याय,तरणजीत सिंह रंधावा,इन्दर झज्ज,सचिव शेख जुनैद, खेमराज सेठिया, अजय पाण्डेय, तरसेम जस्वाल,राज, बलराम आदि मौजूद रहे।

### वार्ड निवासी मुकेश नाग एवं संगीता नाग के बीच विवाद

# किरन्दुल के वार्ड 7 में घरेलू विवाद हुआ हिंसक, चाकूबाजी से फैली दहशत, एक घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल 10 जनवरी।** औधोगिक नगर के वार्ड क्रमांक 07 में गुरुवार को उस समय अफ़रा-तफ़री मच गई जब घरेलू विवाद ने उग्र और हिंसक रूप ले लिया। वार्ड निवासी मुकेश नाग एवं संगीता नाग के बीच हुए विवाद के दौरान खुलेआम मारपीट, गाली-गलौज और हंगामा शुरू हो गया, जिससे पूरे मोहल्ले में भय और तनाव का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही मोहल्लेवासी एवं वार्ड पार्षद रूपा रानी मौके पर पहुँचीं और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान मुकेश नाग अत्यधिक उग्र हो गया और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। आरोप है कि उसने पार्षद रूपा रानी का नाम लेकर आपत्तिजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब एक मुस्लिम महिला ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ भी अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की, जिससे मोहल्ले में आक्रोश और बढ़ गया।

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब मुकेश नाग ने कथित तौर पर चाकू लेकर पार्षद पर हमला करने का प्रयास किया। इसी दौरान बीच-बचाव कर रहे बी. माधव, निवासी वार्ड 07, पर चाकू से वार किया गया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। घायल को तत्काल उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि आरोपी दंपति द्वारा शराब के नशे में आए दिन झगड़ा, गाली-गलौज और उत्पात किया जाता है, जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोग, विशेषकर महिलाएँ और बच्चे, भय के साए में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि ऐसी घटनाओं का बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।


घटना से आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि उन्हें आरोपी दंपति के माता-पिता से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मुकेश नाग एवं संगीता नाग की गतिविधियों से वार्ड में असुरक्षित माहौल बन गया है। घटना के बाद से पूरे वार्ड में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और नागरिक प्रशासनिक कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**मुख्य बिंदु**

- घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप, वार्ड 07 में दहशत
- गाली–गलौज व मारपीट से मोहल्ले में तनाव
- पार्षद के साथ अभद्र भाषा, चाकू से हमला करने का प्रयास
- बीच–बचाव में बी. माधव घायल, अस्पताल भेजा गया
- महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल
- मोहल्लेवासियों ने की कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग

यदि चाहें तो मैं इसे और छोटा, और तीखा, या कानूनी/प्रशासनिक एंगल से भी दोबारा तैयार कर सकता हूँ।

### इंद्रावती के नए पुल से युवक ने लगाई छलांग, रेस्क्यू में जुटी एसडीआरपीएफ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 10 जनवरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में इंद्रावती नदी के नए पुल से एक 17 वर्षीय युवक ने छलांग लगा दी है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची है। वहीं एसडीआएफ की टीम को भी बुलाया गया है। टीम लगातार नदी में युवक की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, युवक की पहचान 17 वर्षीय अंश श्रीवास्तव, निवासी रायगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अंश पिछले दो वर्षों से जगदलपुर के सनसिटी में अपने नानी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। गुरवार सुबह से ही युवक लापता था। युवक की स्कूटी नए पुल के पास लावारिश हालत में खड़ी मिली, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों को अनहोनी की आशंका हुई।

रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक को इंद्रावती नदी में छलांग लगाते हुए देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम लगातार नदी में युवक की तलाश कर रही है।

### रिहायसी क्षेत्र में जंगली जानवर ने हिरण का किया शिकार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में बस्तर के ग्राम पंचायत लामकेर अंतर्गत सालेमेटा-2, जुनागुड़ा पारा में एक हिरण के जंगली जानवर द्वारा शिकार होने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है. बताया जा रहा है कि हिरण जंगल से जान बचाकर गांव की ओर भागा था, लेकिन एक किसान की बाड़ी में जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया. घटना के बाद क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है।

ग्राम पंचायत के सरपंच लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि घटनास्थल पर जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले हैं. इसी आधार पर वन विभाग ने प्रथम दृष्टया आशंका जताई है कि हिरण का शिकार तेंदुए द्वारा किए जाने की संभावना है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही की जाएगी.

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया. विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि हमला किस वन्य प्राणी ने किया था।

इधर, ग्राम पंचायत लामकेर, सालेमेटा-02 सहित आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है. वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल या झाड़ियों में अकेले न जाएं, समूह में ही जाएं और पूरी सावधानी बरतें. अनावश्यक रूप से जंगल की ओर जाने से भी बचने की सलाह दी गई है।

वन विभाग ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने तक क्षेत्र में अलर्ट जारी रहेगा और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है. इसके साथ ही इलाके में ट्रैक कैमरे लगाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है, ताकि जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।

# एसबीआई के साथ ऐतिहासिक करार, मिलेगा एक करोड़ 60 लाख रु. तक का मुफ्त बीमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 जनवरी।** शासकीय कर्मचारियों के लिए नववर्ष एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के वित्त विभाग ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के तहत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो 4 जनवरी 2026 से प्रभावी हो गया है। इस समझौते के तहत राज्य के नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ करोड़ों रुपये का बीमा कवर पूरी तरह निरूशुल्क प्रदान किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री अनिल कुमार पाठक ने इस संबंध में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया है कि शासन द्वारा कर्मचारी हित में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम की जानकारी अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र कर्मचारी इन सुविधाओं से वंचित न रहे।उक्त समझौते के मुताबिक इस नई योजना का सबसे आकर्षक पहलू इसका व्यापक बीमा सुरक्षा कवच है। समझौते के मुताबिक कर्मचारियों को एक करोड़ 60 लाख रुपए का हवाई दुर्घटना बीमा और एक करोड़ रूपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के मिलेगा। इसके अलावा 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म लाइफइंश्योरेंस भी इस पैकेज में शामिल है। सुरक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए पूर्ण स्थायी विकलांगता की स्थिति में एक करोड़ रुपए और स्थायी आंशिक विकलांगता पर 80 लाख रुपए तक का कवर सुनिश्चित किया गया है। बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाते हुए एसबीआई ने कर्मचारियों को कई विशेष छूट देने का फैसला किया है। अब कर्मचारियों को अपने वेतन खाते में न्यूनतम बैलेंस रखने की कोई बाध्यता नहीं होगी और वे एसबीआई समेत अन्य बैंकों के एटीएम का नि शुल्क उपयोग कर सकेंगे। लॉकर की सुविधाओं पर भी भारी राहत दी गई है, जिसमें डायमंड और प्लेटिनम जैसे उच्च श्रेणी के खातों पर वार्षिक लॉकर किराए में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। साथ ही एसबीआई रिश्ते पहल के तहत परिवार के चार सदस्यों के लिए विशेष बचत खाते खोलने की सुविधा भी दी जाएगी। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर प्रोसेसिंग फीस में 50 प्रतिशत से लेकर शत-प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों और कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इन सुविधाओं से अवगत करवाकर लाभान्वित होने प्रोत्साहित करें।

# मनरेगा श्रमिकों के परिवार अब बनेंगे कुशल राजमिस्त्री



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 जनवरी।** जिला प्रशासन ने मनरेगा श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय और महत्वपूर्ण पहल की है। प्रोजेक्ट उन्नति फेज-2 के तहत अब उन श्रमिक परिवारों के सदस्यों को हुनरमंद बनाया जा रहा है, जिन्होंने मनरेगा योजना के अंतर्गत न्यूनतम 60 दिनों का रोजगार पूरा कर लिया है। इसी उद्देश्य के साथ जिले में राजमिस्त्री (मेसन) प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारंभ किया गया है।

इस विशेष पहल के तहत चयनित 30 प्रतिभागियों को 30 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान युवाओं को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने का तरीका भी सिखाया जाएगा। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को राजमिस्त्री कार्य की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराने के साथ-साथ अपने हाथों से सीमेंट का गारा तैयार करने और ईंट जुड़ाई जैसे कार्यों का सघन व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) अभ्यास कराया जा रहा है। जिला प्रशासन का यह प्रयास महज एक कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण युवाओं के जीवन को एक नई दिशा देने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

# उभरते पर्यटन स्थल कुम्हाररास डैम को और ज्यादा प्रशासनिक सहयोग की दरकार

- ■ बोटिंग स्थल पर प्रकाश, जल एवं बैठने की व्यवस्था नहीं
- ■ तालाब के गहरीकरण के साथ-साथ उग आई झाड़ियों की सफाई भी है आवश्यक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 10 जनवरी।** मां दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा के कुम्हाररास-चंदेनार के घने जंगलों एवं पहाड़ों, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, शांत छटा, सुकून और शांति की तलाश में पर्यटक अनायास ही हर रोज यहां खींचे चले आते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं जिले के उभरते हुए पर्यटन स्थल कुम्हाररास डैम की। घने जंगलों एवं पहाड़ियों से घिरा यहां का सरोवर पर्यटकों के लिए हमेशा से ही आकर्षक का केंद्र रहा है। बेहद मनोरम एवं प्रकृतिक सुदरता से भरे इस जगह में सैर सपाटे के लिए लोग पहले भी आते रहे हैं मगर इसकी पहचान अभी हाल ही में करीब 8 से 9 माह पूर्व प्रशासन की दृष्टि पड़ने के बाद तेजी से पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात हुई है। अब यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में स्थानीय समेत दूर दराज क्षेत्रों से भी लोग सरोवर में बोटिंग, कायकिंग, बाम्बू राफिटंग एवं चिकारा नाव में बैठकर नौका विहार का आनंद उठाने पहूंच रहे हैं। होलीडे पर तो सैलानियों की संख्या में और भी ज्यादा वृद्धि देखी जाती है। कुम्हाररास डैम पर्यटकों को काफी लुभा भी रहा है। अभी सर्दियों का मौसम है। ऐसे मौसम में यहां का नजारा किसी हिल स्टेशन से या कम नहीं होता। प्राकृतिक सुंदरता को निहारते हुए शांत एवं ठंडक भरे माहौल में नौका विहार का मजा ही कुछ और होता है। यहां बोटिंग की सैर करते हुए शाम को डूबते हुए सूर्य के सुनहरी लालिमा की पानी में छाया देख पर्यटकों को अदभूत अनुभव प्राप्त होता है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे श्रीनगर की डल झील की शिकारा में बैठे हों।

कुम्हाररास डैम की प्राकृतिक खुबसूरती एवं उसकी विशेषता से जरा हटकर अब हम यहां क्या समस्या है। इस पयर्टन स्थल को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस पर प्रशासन एवं पर्यटन विभाग का ध्यानाकर्षण करवाना चाहते हैं ताकि कुम्हाररास डैम आने वाले सैलानियों को आने वाले समय में और बेहतर सुविधा मिल सके। गौरतलब है कि कुम्हाररास डैम पर प्रशासन की नजर पड़ी तभी जाकर यहां पर नाव, वोट इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित हो पाई। इसके लिए जिला प्रशासन का बहुत ही आभार है। इस पर्यटन स्थल की देखरेख एवं संचालन का जिम्मा ऐले गुण्डा बहुउद्देशीय सहकारी समिति कुम्हाररास को दिया गया है। समिति के प्रमुख हैं दिनेश भास्कर। यहां पर बोटिंग के अलावा पर्यटकों के जलपान के लिए एक केंटिन की व्यवस्था भी की गई है जिसका संचालन भी यही समिति करती है। कुम्हाररास पर्यटन स्थल की देखरेख एवं संचालन समिति के करीब 26 सदस्य मिलकर करते हैं। यहां से जो भी कमाई होती है उसी पैसे से सदस्यों को मानदेय एवं मेंटनेंस आदि किया जाता है। बोटिंग की जिम्मेदारी सम्हाल रहे समिति के सदस्य सुनिल भास्कर ने बताया कि यहां आने वाले सैलानियों को बोटिंग, कायकिंग एवं बाम्बू राफिटंग की सुविधा हम उपलब्ध करवाते हैं। प्रति व्यक्ति 50 से 100 रूपए की रसीद भी काटकर देते हैं। सुनिल के मुताबिक यहां सब कुछ ठीक ही चल रहा है मगर अभी भी पर्यटन स्थल पर बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। प्रशासन एवं पर्यटन विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए। यहां पर पर्यटकों के बैठने के लिए जगह जगह चेयर होने चाहिए साथ ही शाम होते ही यहां अंधेरा घिर जाता है लिहाजा बोटिंग स्थल पर एक हाईमास्क पोल की आवश्यकता भी महसूस हो रही है। गार्डनिंग के साथ साथ हरे कोमल घास भी वोटिंग परिसर स्थल पर लगाए जाने चाहिए जिससे कि यह जगह और ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करे। नए नए डिजाईन के और भी नाव, बोट की संख्या और ज्यादा बढ़ाने चाहिए ताकि सभी सैलानियों को अंधेरा घिरने से पूर्व ही वोटिंग करवाया जा सके। वोट कम होने से सैलानियों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। पीने के पानी के लिए बोर तो पास में ही है मगर उसका मोटर भी खराब पड़ा है। नए मोटर लगाए जाने के बाद पानी की कोई समस्या नहीं होगी। साथ ही यहां जलाशय के बड़े हिस्से में झाडिया उग आई है जिससे तालाब की सुंदरता खराब दिखती है। झाडियों की सफाई हो जाने से बोटिंग करने वाले पर्यटकों को सहुलियत होगी। तालाब की गहराई काफी कम है लिहाजा तालाब की गहरीकरण भी होना चाहिए। सुनिल की मानें तो लाइटिंग की व्यवस्था होने से यहां देर शाम तक भी लोग यहां नौका विहार का आनंद उठा सकेंगे। बहरहाल समिति के लोगों की मांग अपनी जगह सही भी है। प्रशासन ने इसकी शुरूआत तो करवा दी है मगर उसके बाद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पर्यटन विभाग की उदासीनता अगर इसी तरह बनी रही तो यह उभरता पर्यटन स्थल भी आगे चलकर लुत्फ हो जाएगा। बेहतर होगा कि प्रशासन एवं पर्यटन विभाग को पर्यटकों के हित में व्यवस्थाएं बढ़ाने इस ओर ध्यान देना होगा और उसे अतिशीघ्र पूरा करना होगा। तभी जाकर कुम्हाररास डैम की ख्याति जिले में ही नहीं बल्कि देश-प्रदेश में फैलेगी जिससे यहां सैलानियों की संख्या में इजाफा होगा।

### सुशासन के अनुरूप उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार

# वनांचल में पुलिया बनी विकास की मजबूत कड़ी, तमनार के केशरचुवा गांव में वर्षभर सुगम हुआ आवागमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की सुशासन नीति के तहत उत्खनन प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। रा'य शासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की नीति से योजनाबद्ध एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले के विकासखंड तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत केशरचुवा में डीएमएफ मद से 8 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

यह पुलिया ग्राम पंचायत केशरचुवा से टांगरघाट मार्ग पर नाले के ऊपर निर्मित की गई है, जहां पूर्व में पुलिया नहीं होने के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में मार्ग अवरुद्ध हो जाता था। बरसात के दिनों में पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन लगभग ठप हो जाता था और लोगों को वैकल्पिक एवं जोखिमपूर्ण मार्गों से आवागमन करना पड़ता था।

#### बरसात में आवागमन की समस्या से मिली स्थायी राहत

विकासखंड तमनार मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत केशरचुवा की कुल जनसंख्या करीब 2119 है, जिसमें 1068 महिलाएं एवं 1051 पुरुष शामिल हैं। पुलिया के अभाव में वर्षों से स्कूली ब'चों, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं, किसानों तथा दैनिक मजदूरी एवं व्यापार से जुड़े लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के समय नाले में तेज बहाव के कारण कई बार घंटों तक रास्ता बंद रहता था। अब पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण होने से ग्रामीणों को वर्षभर निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे न केवल समय और श्रम की बचत हो रही है, बल्कि ग्रामीणों की दैनिक गतिविधियां भी सुचारु रूप से संचालित हो पा रही हैं।

#### शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच हुई आसान, ग्रामीणों ने जताया आभार

पुलिया के निर्माण से अब गांव के लोगों को विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, बाजार एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में विशेष सुविधा मिली है। किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में सहूलियत हुई है, वहीं विद्यार्थियों की नियमित स्कूल उपस्थिति भी सुनिश्चित हो रही है। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण पुलिया निर्माण कार्य के लिए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि डीएमएफ मद से किए जा रहे आधारभूत विकास कार्यों से गांवों की संरचना मजबूत हो रही है और आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। ग्रामीणों ने भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

## समाचार संक्षेप

### सड़क सुरक्षा माहः यात्री वाहनों व स्कूल बसों की हुई जांच



**रायगढ़, 10 जनवरी।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर यात्री वाहनों एवं स्कूल बसों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों की जांच की गई।

जांच के दौरान कुल 23 बसों में परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, चालक लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी की स्थिति की जांच की गई। इसके साथ ही निर्धारित बैठक क्षमता से अधिक यात्रियों के परिवहन जैसे गंभीर उल्लंघन भी पाए गए। नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध कुल 16 हजार 900 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जांच की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें, सुरक्षा मानकों का पालन करें और यात्रियों की जान की सुरक्षा को सर्वो'च प्राथमिकता दें।

### राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को

**रायगढ़, 10 जनवरी ।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जिले के युवाओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला रायगढ़ में यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, लक्ष्मीपुर, रायगढ़ में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के समस्त स्कूलों, कॉलेजों के विद्यार्थी एवं खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है।डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत काव्य पाठ, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा। काव्य पाठ का विषय ÷उठो जागो-स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश÷ पर आधारित होगा। प्रतिभागी केवल एक कविता प्रस्तुत कर सकेंगे। कविता मौलिक अथवा किसी प्रसिद्ध कवि की हो सकती है, हालांकि मौलिक रचनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता-इसके लिए भी अधिकतम 5 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। भाषण का विषय ÷स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्रनिर्माण के पथप्रदर्शक÷ पर केंद्रित होगा। रंगोली प्रतियोगिता-इसके लिए प्रतिभागियों को 45 मिनट का समय दिया जाएगा। विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद रहेगा। रंगोली में केवल सूखे एवं प्राकृतिक रंगों/सामग्री का उपयोग करना होगा, केमिकल रंगों का प्रयोग वर्जित रहेगा।

### कृषि एवं पशु सखियों का प्रशिक्षण, मशरूम प्रसंस्करण उत्पाद प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**धमतरी, 10 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड कुरूद के विभिन्न ग्रामों की पशु सखी एवं कृषि सखियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दो बैच में किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत मशरूम प्रसंस्करण उत्पाद प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा कृषि से संबंधित उन्नत तकनीकों, उपयोगी जानकारी तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक ठाकुर द्वारा पशु सखियों को उन्नत चारा फसलों की उत्पादन तकनीक, चारा संरक्षण विधि एवं उन्नत पशुपालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. भूमिका हतिगया द्वारा कम पूंजी में अधिक आय देने वाली आयस्टर मशरूम स्पॉन उत्पादन तकनीक, मशरूम उत्पादन, पैकेजिंग, विपणन, शेल्फ लाइफ, पोषण मूल्य एवं मूल्य संवर्धन के बारे में प्रशिक्षण दिया गयामशरूम मूल्य संवर्धन अंतर्गत मशरूम बड़ी, पापड़, आचार, बिजौरी, पकौड़ा, पुलाव, सूप, मशरूम पाउडर, खिचड़ी एवं चिक्की निर्माण की विधियों की जानकारी दी गई।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 33 चालानी कार्रवाई



**महासमुंद,10 जनवरी ।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आज जिला स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण को लेकर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से की गई।संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा जिला चिकित्सालय खरोरा के समीप स्थित तम्बाकू विक्रय करने वाली दुकानों के साथ-साथ पिटियाझर एवं कुम्हारपारा क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003) के तहत कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक श्रीमती प्रियंका दीवान द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 (सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध), धारा 06(अ) (नाबालिगों को तम्बाकू उत्पाद की बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध) तथा धारा 06(ब) (शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध) के उल्लंघन पर कुल 33 चालान काटे गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस विभाग से आरक्षक श्री हेमलाल निषाद का विशेष सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों का आधारभूत एवं अभिमुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**मोहला, 10 जनवरी ।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला पंचायत संसाधन केंद्र में ग्राम पंचायत सचिवों हेतु आधारभूत एवं अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले के तीनों जनपद पंचायतों में चरणबद्ध रूप से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 05 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत मोहला, 06 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत मानपुर तथा 08 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चन्द्राकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नारायण बंजारा, प्राचायद्वारा की गई। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों के सुचारू संचालन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें नामांतरण एवं बंटवारा प्रक्रिया, 15वें वित्त आयोग की राशि का भुगतान, व्रूपोर्टल, प्रिया सॉफ्ट एंट्री, पंजियों का संधारण, करारोपण, पंचायत के तकनीकी कार्य तथा लेखा संबंधी प्रक्रियाएं प्रमुख रहीं।कार्यक्रम में राजस्व विभाग, पिरामल फाउंडेशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट, करारोपण अधिकारी, उप रूप में सचिवों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## एक नजर

### जिले में अनमैप मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन शुरू

**रायगढ़, 10 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत रायगढ़ जिले में मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के कुल 1217 मतदान केंद्रों/विहित स्थानों तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सर्व तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 24 दिसंबर 2025 को किया गया है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र डोंगाढकेल में सहायिका पद के लिए 22 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 10 जनवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र डोंगाढकेल ग्राम पंचायत केराझर में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका के स्वे'छा से त्यागपत्र दिए जाने से आंगनबाड़ी सहायिका का पद रिक्त हो गया है। उक्त रिक्त पद के लिए 2× जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इ'छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु टोकन जारी करने से पहले होगा भौतिक सत्यापन

**धमतरी, 10 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक संचालित की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार 08 जनवरी 2026 से टोकन जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। टोकन जारी करने से पूर्व समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार संबंधित कृषकों के पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इस कार्य हेतु विभागीय स्तर पर दल का गठन किया गया है, जिसमें नोडल अधिकारी के साथ राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सहयोग के लिए तैनात किया गया है। महत्वपूर्ण निर्देशों के अनुसार, पंजीकृत किसान जब टोकन जारी कराने के लिए समिति में उपस्थित होगा, तब समिति के ऑपरेटर द्वारा ऑनलाईन सोसायटी मॉड्यूल में आवेदन की प्रविष्टि की जाएगी।

### धान खरीदी में लापरवाही पर प्रशासन की कार्रवाई गेरसा के धान खरीदी प्रभारी हटाए गए

**अंबिकापुर, 10 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गेरसा में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2026 को आकस्मिक निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के दौरान विपणन संघ के नए बोरे में भरे हुए धान के नाप-तौल के समय गंभीर अनियमितता पाई गई। फड़ प्रभारी की लापरवाही के कारण एक बोरे में 35.600 किलोग्राम धान पाया गया, जो निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं था। कलेक्टर द्वारा धान खरीदी प्रभारी को हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे।अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए समिति द्वारा तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से धान खरीदी प्रभारी सुमित गुप्ता को पृथक कर दिया गया है। साथ ही समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर श्री देव चरण सिंह को धान खरीदी प्रभारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री वसंत ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी समितियों को निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण 15 जनवरी को

**कांकेर, 10 जनवरी ।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 तक 100 दिनों का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों, कॉलेजों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, पुलिस थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा न्यायालयों में 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त दिवस को जिले के समस्त विद्यालयों, कॉलेजों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, पुलिस थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा न्यायालयों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

# अवैध धान परिवहन, भंडारण व फर्जी बिक्री पर सख्त कार्रवाई



**धमतरी, 10 जनवरी ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं फर्जी बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिले में गठित तहसील एवं जिला स्तरीय उड़नदस्ता दलों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक अवैध धान भंडारण के 140 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 7558.9 क्विंटल धान एवं 03 वाहन जप्त किए गए हैं। वहीं, जिले में संचालित राइस मिलों में छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 के उल्लंघन के मामलों में 22,856.8 क्विंटल धान जप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इसी क्रम में उड़नदस्ता दल द्वारा बीते दिन उपार्जन केन्द्र सियारीनाला में ऋण पुस्तिका, टोकन, बोए गए धान, तौल पत्रक, धान की मात्रा, किस वाहन में धान लाए, उसका गेटपास आदि के परीक्षण के दौरान निराबाई पति पीलूराम, निवासी बीजापुर के प्रकरण में अनियमितता पाई गई। निराबाई के नाम जारी 70.40 क्विंटल के टोकन में उनके परिचित के व्यक्ति द्वारा 36 क्विंटल धान की बिक्री की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि निराबाई के नाती द्वारा अपने जीजा का धान उनके पट्टे में बेचा जा रहा था। उक्त धान को जप्त कर उपार्जन केंद्र के ऑपरेटर को सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं बिक्री पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अंतिम पंद्रह दिनों में है, ऐसे में कुछ अवसरवादी तत्व भोले-भाले किसानों की मजबूरी का लाभ उठाकर शासकीय राशि में सेंध लगाने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी धान उपार्जन योजना के सफल क्रियान्वयन एवं प्रत्येक किसान को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर रहे हैं। उपार्जन केंद्र सियारीनाला में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज मरकाम की टीम द्वारा किसानों की ऋण पुस्तिका, टोकन, बोये गए धान, तौल पत्रक, धान की मात्रा, परिवहन वाहन एवं गेटपास आदि का गहन परीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी कि वे अपनी मेहनत की कमाई से किसी भी अन्य व्यक्ति या कोचियों को अनुचित लाभ न लेने दें तथा सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग करें। साथ ही उपस्थित किसानों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही अपर कलेक्टर द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय राजस्व, खाद्य, सहकारिता विभाग के अधिकारी, प्राधिकृत अधिकारी, पटवारी, सरपंच एवं धान बेचने वाले किसान उपस्थित रहे।

# किसान बिंदेश्वर धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था से संतुष्ट



**जशपुरनगर,10 जनवरी ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सक्षम नेतृत्व में जशपुर जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सु व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों में किसानों की लगातार आवक बनी हुई है। शासन द्वारा लागू की गई किसान हितैषी नीतियों एवं पारदर्शी व्यवस्था का सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से ज़मीनी स्तर पर परिलक्षित हो रहा है।

धान उपार्जन केंद्र में अपनी उपज विक्रय करने पहुंचे ग्राम पतरा टोली के कृषक श्री बिंदेश्वर सिंह पिता श्री देव राज ने बताया कि केंद्र पर उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर केंद्र में प्रवेश मिला तथा धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। केंद्र में उन्हें नया एवं स्वच्छ बारदाना उपलब्ध कराया गया और तौल कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया गया। सुव्यवस्थित व्यवस्था के चलते समय की बचत के साथ-साथ धान विक्रय की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही। कृषक ने बताया कि वे लगभग 200 क्विंटल धान लेकर केंद्र पहुंचे थे।कृषक ने बताया कि डिजिटल टोकन प्रणाली एवं सुनियोजित प्रबंधन के कारण अब धान बेचने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और सम्मान की अनुभूति हो रही है।

### अवैध धान परिवहन पर सख्त कार्रवाई, तीन अलग-अलग मामलों में 1420 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद,10 जनवरी ।** जिले में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज विकासखण्ड सरायपाली एवं बागबाहरा क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 1420 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।विकासखण्ड सरायपाली अंतर्गत एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ओड़िशा राज्य से अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए कोचिया विद्या मिरि के पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वाहन में कुल 70 कट्टा धान लोड था। मौके पर धान सहित वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। वहीं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत एसडीएम श्रीमती नमिता मारकोले के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम छुईहा में अवैध धान परिवहन के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की गई। पहले मामले में एक ट्रक को रोककर जांच की गई, जिसमें लगभग 600 कट्टा धान अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया। धान को जब्त कर नियमानुसार मंडी के सुपुर्द किया गया। इसके अलावा ग्राम छुईहा में ही दूसरी कार्रवाई करते हुए एक अन्य वाहन से लगभग 750 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। इस धान को भी मंडी के सुपुर्द करते हुए आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी।

### 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम

# महासमुंद में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जन जागरूकता अभियान शुरू



**महासमुंद, 10 जनवरी ।** महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक में फाइलेरिया (हाथीपाँव) जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरपंच समूह के सहयोग से आयोजित इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधिं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी साझा की, जिसमें रोग के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय और सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम पर जोर दिया गया।फाइलेरिया एक मच्छर जनित रोग है, जो असमय उपचार न होने पर हाथ, पैर या अन्य अंगों में स्थायी सूजन का कारण बन सकता है।

जिला समन्वयक पीसीआई अनिल कुमार बघेल ने बताया कि इस बीमारी से बचाव के लिए साल में एक बार सभी पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन कराना जरूरी है।वर्ष 2026 में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए कार्यक्रम महासमुंद जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा वितरित करेंगे। सरपंचों को पंचायत स्तर पर सहयोग के तरीके बताए गए, जैसे मुनादी के माध्यम से प्रचार, नारा लेखन, पोस्टर लगाना, ग्राम सभा में चर्चा, तथा आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों के साथ समन्वय। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा से वंचित न रहे। अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से अपील की गई है कि वे सक्रिय रूप से भाग लें, स्वयं दवा लें और परिवार व पड़ोसियों को प्रेरित करें।

# बाड़ी की सब्जियों से बदली किस्मत, सत्यशीला दीदी बनीं आत्मनिर्भर



**मोहला, 10 जनवरी ।** गांव की बाड़ी में उगाई गई सब्जियों ने सत्यशीला दीदी के जीवन में आर्थिक खुशहाली ला दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ÷लखपति दीदी÷ योजना से जुड़कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि सही योजना और मेहनत से ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

लखपति सीआरपी द्वारा आजीविका योजना तैयार करने हेतु सत्यशीला दीदी का आजीविका प्रपत्र भरा गया। दीदी के घर के पीछे पर्याप्त बाड़ी उपलब्ध होने के कारण ग्राम संगठन से 40 हजार रुपये का ऋण लिया गया। इसके साथ ही जमा पूंजी का उपयोग कर बाड़ी में फेंसिंग कार्य कराया गया। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में दीदी ने व्यवस्थित रूप से सब्जी उत्पादन की गतिविधि प्रारंभ की।

सब्जी खेती में दीदी ने कम लागत एवं जैविक पद्धतियों को अपनाया। जैविक कीटनाशक तथा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर उन्होंने पालक, बैंगन और टमाटर की उन्नत खेती की। इसके परिणामस्वरूप उन्हें प्रथम चरण में ही लगभग 60 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई। वर्तमान में सत्यशीला दीदी द्वारा मिश्रित सब्जियों का निरंतर उत्पादन किया जा रहा है, जिससे उन्हें 12 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह की नियमित आय हो रही है। चिल्हाटी एवं टाटेकसा बाजार नजदीक होने के कारण उन्हें विक्रय की कोई समस्या नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त दीदी द्वारा संकुल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं थाना परिसर में भी ताजी सब्जियों की नियमित आपूर्ति की जा रही है। सत्यशीला दीदी की यह सफलता न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही है। ÷लखपति दीदी÷ योजना के माध्यम से शासन का यह प्रयास ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आजीविका को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### कोलियारी मड़ई 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी (भखारा) में समस्त ग्राम वासीयों के सहयोग से 19 जनवरी को मड़ई मेला आयोजित किया गया है वही रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए घीना अर्जुंदा छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश साहू ने दी

## एक नजर

### युवाओं में नेतृत्व और सेवा भाव का सशक्त मंच बनेगी राष्ट्रीय जंबूरी : मुख्यमंत्री

**रायपुर 10 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए श्री जैन का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पहली बार आयोजित हो रहे पाँच दिवसीय राष्ट्रीय रोवरङ्करेंजर जंबूरी आयोजन के लिए डॉ. अनिल जैन को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और इसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए गौरव का विषय बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डॉ. अनिल जैन के सक्षम नेतृत्व में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का राष्ट्रीय स्तर का आयोजन छत्तीसगढ़ में आयोजित होना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह जंबूरी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच बनेगी। देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर-रेंजरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, सामाजिक और युवा शक्ति का राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि यह जंबूरी न केवल युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगी, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को भी मजबूत करेगी।

### स्वर्ण जयंती मिलन समारोह

**रायपुर 10 जनवरी।** राजकुमार कॉलेज रायपुर के गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया जब संस्थान के 1975 बैच के पूर्व छात्रों ने अपनी स्नातक के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर शशांक शाह, राजू राव और अनिल मेट्रे ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए देश-विदेश से आए अपने सहपाठियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान पूर्व छात्रों ने कॉलेज परिसर का भ्रमण किया और यहाँ हुए क्रांतिकारी बदलावों की सराहना की। शशांक शाह ने अपने संबोधन में विशेष रूप से कर्नल अविनाश सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कर्नल सिंह के मार्गदर्शन में कॉलेज ने न केवल अपनी विरासत को सहेजा है, बल्कि ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल, विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज और अत्याधुनिक इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं प्रदान कर संस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ इंफ्रास्ट्रक्चर वाले कॉलेजों की सूची में शीर्ष पर पहुँचा दिया है। कॉलेज के ऐतिहासिक स्टो हॉल में आयोजित सभा में शशांक शाह ने अपने सहपाठियों के साथ पुराने संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे संस्थान का अनुशासन आज भी उनकी सफलता का आधार बना हुआ है।

### नाबालिग से अनैतिक कृत्य, बालक को भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह

**डोंगरगढ़ 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थीया पीड़िता की मां ने चौकी चिचोला, में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी नाबालिक बच्ची को गांव का ही एक लड़का बहला-फुसला कर शारीरिक संबंध बनाया है जिससे वह गर्भवती हो थी लोकलाज के भय से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी जिसके बाद अपनी लड़की को अपने रिश्तेदार के घर छोड़ दी थी जहां बच्चे की डिलीवरी पश्चात पीड़िता के चाचा चाची ने बच्चे को किसी अन्य जरूरतमंद को दे दिया था घटना स्थल थाना बोरतलाब क्षेत्र का होने से अग्रिम विवेचना कार्यवाही थाना बोरतलाब से किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी बोरतलाब अवनीश कुमार श्रीवास द्वारा टीम गठीत किया गया और नाबालिक बालक की पतासाजी की जा रही थी कि मुखबिर की सूचना कि नाबालिक बालक घर पर है की सूचना पर 08 जनवरी को घर से पकड़कर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया गया और गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया कार्यवाही में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास आरक्षक वेद प्रकाश रत्नाकर,नितिन यादव , की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मत्स्य पालन से आर्थिक समृद्धि की राह : श्रीराम मछुआ सहकारी समिति बनी ग्रामीण सशक्तिकरण की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 10 जनवरी।** मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम कपुआ में स्थित श्रीराम मछुआ सहकारी समिति मर्यादित, चंद्रगढ़ी ने शासकीय योजनाओं के माध्यम से मत्स्य पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर आर्थिक समृद्धि की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। समिति ने मछली पालन को व्यवसायिक स्वरूप प्रदान करते हुए उत्पादन में निरंतर वृद्धि की है और वर्तमान में इससे प्रतिवर्ष 2.50 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की जा रही है।




समिति के सदस्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 सदस्यों के किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृत कराए गए, जिससे पूंजी की सुलभता बढ़ी और उत्पादन लागत में कमी आई। इसके साथ ही, सदस्यों को 10 दिवसीय मत्स्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप समिति ने लगभग 1.50 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित की, जिससे सदस्यों की आजीविका में सुधार हुआ है। श्रीराम मछुआ सहकारी समिति ने मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध ढंग से कार्य प्रारंभ किया। इसके फलस्वरूप समिति को टॉर बाँध, दर्री तालाब, मरघट तालाब, पैठू तालाब, डोजर बाँध, पीपरहा तालाब एवं गोठान तालाब सहित कुल 21.087 हेक्टेयर जल क्षेत्र में मत्स्य पालन का आबंटन प्राप्त हुआ। आज श्रीराम मछुआ सहकारी समिति न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ स्थिति में है, बल्कि क्षेत्र के अन्य मत्स्य समूहों के लिए एक आदर्श बन गई है। पारंपरिक पेशे को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और सामूहिक प्रयासों से जोड़कर समिति ने यह सिद्ध किया है कि उचित मार्गदर्शन, योजनाबद्ध कार्यप्रणाली और सामूहिक प्रतिबद्धता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सकती है।

### धान विक्रय की राशि से होगी घर की मरम्मत

**रायपुर,10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित धान उपार्जन व्यवस्था किसानों के लिए संबल बन रही है। दुर्ग जिले के ग्राम अछोटी निवासी किसान श्री नुलम साहू ने इस वर्ष अपने 2 एकड़ 30 डिसमिल कृषि भूमि में धान की फसल ली। धान कटाई के उपरांत उन्होंने उपार्जन के तहत 40 क्विंटल धान का विक्रय किया है तथा वर्तमान में रबी फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसान श्री नुलम साहू अपनी पत्नी के साथ धान उपार्जन केंद्र कुथरेल पहुंचे, जहां किसानों की सुविधा हेतु शेड, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक इंतजाम को देखकर प्रसन्नता जताई।

### बालोद जिले के ग्राम दुधली में प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ

# जंबूरी केवल एक शिविर ही नहीं बल्कि एकता विविधता और साझा उद्देश्यों का उत्सव है: राज्यपाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 10 जनवरी।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि जंबूरी केवल एक शिविर ही नहीं बल्कि एकता, विविधता, भाईचारा और साझा उद्देश्यों का उत्सव है। राज्यपाल श्री डेका आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में भारत स्काउटस एवं गाइड्स द्वारा आयोजित प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं अतिथियों द्वारा ग्राम दुधली में आज प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, भारत स्काउट्स गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ केके खण्डेलवाल, राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंदरजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयक्त श्री राकेश यादव सहित अन्य अतिथियों के अलावा राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर-रेंजर उपस्थित थे। इस प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के





शुभारंभ अवसर पर विभिन्न राज्यों से उपस्थित रोवर रेंजरों ने नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति से भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा बिखेरी। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं आसमान में गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा जंबूरी पत्रिका एवं नए बैज का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मेजबान छत्तीसगढ़ के रोवर रेंजरों के पारंपरिक एवं सुआ गीत तथा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सुमधुर एवं नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समूचा आयोजन हर्षोत्सव एवं गर्वोत्सव में तब्दील हो गया।

इस अवसर पर श्री डेका ने ग्राम दुधली में आयोजित इस भव्य एवं विशाल प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर के आयोजन को ऐतिहासिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। श्री डेका ने जंबूरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान भी किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि जंबूरी एक जीवंत शिक्षालय है, जहां विभिन्न राज्यों, भाषाओं और परम्परा से आए युवा एक परिवार के रूप में एकत्रित होते है। उन्होंने कहा कि जंबूरी के शिविर में प्रतिभागी युवा-युवती कला, साहसिक गतिविधियां, लोककलाएं, नेतृत्व मंच और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से केवल कौशल ही नहीं अपितु सहानुभूति सहयोग और पारस्परिक सम्मान भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में जंबूरी भारत शास्वत अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम संपूर्ण विश्व एक परिवार का सजीव उदाहरण है। श्री डेका ने कहा कि देश में पहली बार आयोजित हो रही यह राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ की मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य गौरवशाली संस्कृति की भी भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों का सहज, सरल स्वभाव हम सभी के दिलों को छूता है। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण प्रकृति के खूबसूरत वादियों के बीच स्थित हमारा छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्र एवं राज्य के अथक प्रयासों से नक्सल मुक्त होने वाला है।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 10 जनवरी।** नगर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने हेतु श्रीराम जी का मायरा परिवार संघ द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 4 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। यह सात दिवसीय आयोजन अशोका आइकॉन, रिलायंस मार्ट के पास, क्लब हाउस, दलदल सिवनी रोड, मोवा, रायपुर (छत्तीसगढ़) में संपन्न हो रहा है ।

इस पावन आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालुजन एवं भक्तजन बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम जी का मायरा परिवार संघ के संरक्षक श्री सुरेश गोयल खेदड़िया सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान सराहनीय है। कथा का वाचन श्रीधाम अयोध्या जी से पधारे सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य श्री रवि मोहन जी महाराज द्वारा किया जा रहा है कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे है ।कार्यक्रम का शुभारंभ 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे कलश स्थापना के साथ हुआ है। कथा के दौरान भगवान विष्णु-लक्ष्मी चरित्र, शिव विवाह महोत्सव, वामन अवतार, कृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, रुक्मिणी मंगल विवाह एवं भक्त सुदामा चरित्र जैसे प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है । समापन अवसर पर 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे हवन एवं पूर्णाहुति, तत्पश्चात दोपहर 1 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। समस्त धर्मप्रेमी जनता इस दिव्य कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ ले रहे है।

# मास्टरमाइंड फरार, नौकर पुलिस के हत्थे चढ़ा

■ **फर्जी डी.ई.एफ(यूरिया) सहित नामी कंपनियों के लुब्रिकेंट ऑइल बेचने वाले गिरोह का भांडाफोड़**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/ चिचोला 10 जनवरी।** फर्जी डी.ई.एफ( यूरिया) महिन्द्रा ऑयल,टाटा मोटरर्स एवं गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट इण्डियन लिमिटेड कंपनी के नाम का डूप्लीकेट होलो ग्राम एवं स्टीकर लगाकर बिक्री करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं पुलिसिया कार्यवाही के बाद से रैकेट का मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा दे फरार हो गया है जिससे पुलिस की कार्यवाही पर संदेह व्यक्त किए जा रहे है। बताया जाता है कि लंबे अरसे से यह रैकेट इस क्षेत्र में सक्रिय है और पुलिस की मिलीभगत से बेख़ौफ़ नामी कंपनियों के ऑइल और यूरिया कॉपीराइट कर माल खपाया जा रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया जाता है कि प्रार्थी मंगल पाण्डे पिता उर्वादत्ता पाण्डे उम्र 52 वर्ष निवासी दीप्ती स्काई सिटी ओल्ड अम्बरनाथ गांव प्लैट नं 101 नीलगिरी बिल्डिंग अम्बर नाथगांव थाना शिवाजी नगर जिला थाणे महाराट्र ने पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम पाटेकोहरा में




जुम्मन ढाबा के बाजू विल्डिंग में जुम्मन खान के द्वारा अवैध लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से महिन्द्रा ऑयल टाटा मोटरर्स एंव गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट इण्डियन लिमिटेड के कंपनी का डी.ई.एफ ;युरिया को नकली डूप्लीकेट होलोग्राम एवं स्टीकर लगाकर बेचा रहा है एव अवैध लाभ प्राप्त किया कर रहा है, कि सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के दिशा-निर्देशन व मार्गदर्शन पर पुलिस चौकी चिचोला चौकी प्रभारी योगेश पटेल चौकी स्टॉफ व सायबर सेल टीम राजनांदगांव के द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान मुख्य आरोपी जुम्मन खान मौके से फरार हो गया और उसके पास काम कर रहे नौकर आरोपी ईशु यादव पिता चंद्रशेखर यादव उम्र 19 साल पता महोबा आलमपुरा थाना महोबा जिला महोबा ;उत्तर प्रदेश के कब्जे से कुल 147 बकेट में 20-20 लीटर का कुल डी.ई.एफ ;युरिया 2940 लीटर, कीमत लगभग 01 लाख 92 हजार 85 रूपये का मिला जिसके संबंध में आरोपी को मौके पर कागजात पेश करने के लिए धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया गया जो आरोपी के द्वारा डी.ई.एफ युरिया रखने ब्रिकी करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। इस मामले में कापीराईट अधिनियम 1957 की धारा 63 घटित पाये जानें पर आरोपी ईशु यादव पिता चंद्रशेखर यादव उम्र 19 साल पता महोबा आलमपुरा थाना महोबा जिला महोबा ;उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। वहीं रैकेट का सरगना फरार मुख्य आरोपी अतीक खान उर्फ जुम्मन पिता रफीक खान निवासी रामपुर खातूटोला की पता तलाश जारी है।



**तिल्दा नेवरा 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत ताराशिव हाई स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी सरपंच मनीष वर्मा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ,रामकृष्ण सिरमौर , उपसरपंच मनीष वर्मा , ओम ठाकुर , गजानंद साहू , गोवर्धन यदु , दिनेश सोनी, अजितेश शर्मा, हरी मारखंडे , सौरभ सिरमौर , निखिल मांडले जी, दुर्गेश साहू , सहित स्कूल के शिक्षकगण, पालकगण, स्कूल के छात्रङ्घ छात्राए और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सहपाठियों ने चिढ़ाया तो छात्रा हुई शर्मिंदा

# एकलव्य की नाबालिग छात्रा ने किया खुदकुशी का प्रयास

■ **मोहला विकासखंड की है छात्रा, मेडिकल कॉलेज रेफर**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहल 10 जनवरी।** अंबागढ़ चौकी में संचालित केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यनरत नाबालिक छात्रा ने खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मौत चुनने का प्रयास कर रही छात्रा मोहला थाना क्षेत्र के आदिवासी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। छात्रा स्कूल अवधि में क्यों आत्महत्या करना चाहती थी इस पूरे प्रकरण को शाला परिसर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। घटना गुरुवार दोपहर की है गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी से पीड़ित छात्रा को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय एकलव्य आवासीय विद्यालय मानपुर भवन के अभाव के चलते अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित है। यहां मानपुर विकासखंड के आदिवासी अनुसूचित जनजाति के प्रतिभागी 210 छात्रा 210 छात्र छठवीं से 12वीं तक अध्यनरत है। घटना को लेकर जानकारी मिली है कि गुरुवार दोपहर स्कूल अवधि में दसवीं की एक मोहला थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय आदिवासी छात्रा ने फिनायल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की जिसे क्रिटिकल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाया गया उसके बाद उचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनंदगांव रेफर किया गया है।

इस संपूर्ण मामले में वास्तविक जानकारी देने के लिए केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद प्रकाश तथा सहायक आयुक्त संजय कुर्रे उपलब्ध ही नहीं हो रहे हैं। जानकारी यह भी मिली है की छिटा कशी के चलते बच्ची ने मरने का प्रयास किया है इसके पूर्व भी केंद्रीय विद्यालय में बेहद गंभीर घटना घटित हो चुकी है। होनहार आदिवासी नाबालिक छात्रा के इस गंभीर मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अंबागढ चौकी पुलिस के समक्ष गुरुवार शाम को एक डॉक्टरी मेमो पहुंचा है स्थानीय उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी भी नहीं है।

**परिजनों को नही दी जानकारी,गंभीर लापरवाही :** जानकारी के अनुसार दोपहर को नाबालिग छात्रा फिनाइल पीकर स्कूल पहुँची और आनन फानन में उसे अम्बागढ़ चौकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन मामला गंभीर होने पर राजनांदगांव रिफर किया गया लेकिन स्टाफद्वारा परिजनों को जानकारी नही दी गई,बताया जा रहा है कि दूसरे परिजनों से मामलों की जानकारी परिजनों को हुई ।

### लोकसंस्कृति, जनजातीय गौरव और राष्ट्रबोध का संगम बना आदि लोकोत्सव: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 10 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज गोवा के आदर्श ग्राम अमोन, पोंगुइनिम, गोवा में आयोजित 'आदि लोकोत्सव' पर्वङ्क2025 में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोकोत्सव को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में गोवा के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. रमेश तावड़कर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 'आदि लोकोत्सव' के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह लोकोत्सव देश की आदिम संस्कृति से जुड़ने का एक जीवंत उत्सव है, जो भारत की लोक-सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांव हमारी आत्मा हैं। गांवों की संस्कृति ही देश की संस्कृति है, जिसे लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और परंपराओं के माध्यम से जीवंत रखना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गोवा सरकार पिछले 25 वर्षों से इस सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने का कार्य कर रही है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में आदि लोकोत्सव और भी भव्य तथा व्यापक स्वरूप में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि जनजातीय इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजों को चुनौती दी और अपने अदम्य साहस से इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के अनेक महापुरुष ऐसे हैं, जिन्हें देश के इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय सेनानियों को देशभर में सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने रानी दुर्गावती के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि वे जनजातीय समाज की महान वीरांगना थीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उनके गौरव को स्थायी स्वरूप देते हुए मध्यप्रदेश के जबलपुर में एक भव्य संग्रहालय का निर्माण कराया है, जो उनके शौर्य और बलिदान की अमिट स्मृति है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202601092200012**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राहुल रौनक मिश्रा,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल रौनक मिश्रा आ. स्व. श्री महेंद्र मिश्रा जाति ब्राम्हण निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री आरुषी मिश्रा पिता राहुल रौनक मिश्रा का जन्म दिनांक 25/03/2022 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23/01/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/01/2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल जगदलपुर**

ज्ञापन क्रमांक 60 सा./14-01/26 जगदलपुर, दिनांक 08/01/2026

**मूल्य कथनांक (Quotation) आमंत्रण**

कार्यालय बस्तर मण्डल अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए व्ही.आई.पी. कार्यक्रम एवं विभिन्न शासकीय आयोजन में उपयोग होने वाले टेंट पण्डाल एवं अन्य सामग्रियों के दर निर्धारण हेतु मुहर बंद मूल्य कथनांक (Quotation) दिनांक 04.02.2026 को शाम 5 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से आमंत्रित किया जाता है। मूल्य कथनांक (Quotation) दिनांक 05.02.2026 को उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 3 बजे खोला जावेगा।

**नियम एवं शर्तें:-**

1. प्रस्तुत दर बस्तर मण्डलाधीन समस्त संभागों में संपादित किए जाने वाले कार्यक्रमों हेतु लागू होगी।
2. प्रस्तुत दर सामग्रियों के परिवहन, टेंट लगाने/निकालने एवं स्थान साफ करने सहित सभी करों, चुंगी इत्यादि मिलाकर होगी। प्रस्तुत दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी भुगतान मान्य नहीं होगा।
3. टेंट हाउस सामग्री का किराया भुगतान प्रति युनिट/प्रति दिन (24 घंटे) के मान से ही किया जावेगा, भले ही टेंट स्थापना में एक दिन से अधिक का समय लगे। केवल ऐसी स्थिति में जबकि शासकीय कार्यक्रम एक दिन से अधिक के लिए निर्धारित हो एवं प्रथम पक्षकार द्वारा निर्दिष्ट रूप से एक से अधिक दिन के लिए टेंट सामग्री मांग की लिखित सूचना दी गई हो, की स्थिति में ही मांग किए गए समय के अनुसार, अतिरिक्त दिनों का की गणना, जो कि दूसरे दिन के लिए किराया दैनिक दर का पचास प्रतिशत एवं दो से अधिक दिन होने पर दैनिक दर का 25 प्रतिशत के अनुसार भुगतान की जावेगी।
4. प्रस्तुत दर के साथ टेंट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना हक एवं लाइसेंस की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. प्रस्तुत दर के साथ जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. प्रस्तुत किए जाने वाले सामग्रियों की सूची तथा अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालय बस्तर मण्डल एवं अधीनस्थ समस्त संभागीय कार्यालयों में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
बस्तर मण्डल, जगदलपुर

जी-252605942/3

## एक नजर

### लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर 11 को विभिन्न कार्यक्रम

**रायपुर, 10 जनवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में



भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि दिनांक 11 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में जीई मार्ग पर शास्त्री चौक के किनारे स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर बूढ़ातालाब में विभिन्न कार्यक्रम

**रायपुर, 10 जनवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में



युवाओं के आध्यात्मिक प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस दिनांक 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के मध्य निलाभ उद्यान परिसर स्थित विशालकाय ध्यानमग्न प्रतिमा के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

### सोमनाथ के स्थापना वर्ष पर शिवालयों में पूजा-पाठ

**रायपुर, 10 जनवरी।** सोमनाथ के मरम्मत एवं सुधार के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के द्वारा आज समस्त मंडलों में शिवालयों में पूजापाठ किया गया। भाजपा के कार्यालय मंत्री द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सोमनाथ जो कि गुजरात के प्रभाष पाटन क्षेत्र में हैं। यहां पर मोहम्मद खिलजी ने आक्रमण कर ध्वस्त कर दिया था। बाद में इसका पुनर्निर्माण अहिल्या बाई होल्कर ने किया था। देश आजाद होने के बाद तत्कालीन गृहमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने किया था। जिसमें तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने भाग लिया था। सोमनाथ मंदिर दक्षिण ध्रुव तक इसका समुद्रतल तक फैला हुआ है। देश के प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर के ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। आज वे यहां पर विशेष पूजा-पाठ में पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ में आज सोमनाथ के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने पर शिवालयों में विशेष पूजा-पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### प्रधान डाकघर में डाक एवं आधार सेवाओं का समय बढ़ा

**रायपुर, 10 जनवरी।** आम नागरिकों और कार्यरत लोगों को बेहतर तथा समयानुकूल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डाक विभाग ने रायपुर में डाक एवं आधार सेवाओं के समय में विस्तार किया है। प्रवर अधीक्षक डाकघर, रायपुर संभाग हरिश कुमार महावर ने जानकारी दी कि रायपुर प्रधान डाकघर (जनरल पोस्ट ऑफिस) में स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविधा अब रात्रिकालीन 10:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस निर्णय से उन नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा जो कार्यालयीन समय के कारण डाक सेवाओं का उपयोग नहीं कर पाते थे। उन्होंने बताया कि आधार अपडेटेशन की सुविधा को अधिक सुलभ बनाने के लिए अब यह सेवा कार्यालयीन दिवसों के साथ-साथ प्रत्येक रविवार को भी रायपुर जनरल पोस्ट ऑफिस में उपलब्ध कराई जाएगी। इससे आधार से संबंधित संशोधन एवं अद्यतन कार्यों के लिए नागरिकों को अतिरिक्त समय और सुविधा प्राप्त होगी। डाक विभाग द्वारा लागू की गई इन नई व्यवस्थाओं से डाक तथा आधार संबंधी सेवाएं अधिक नागरिक-केंद्रित, सरल और समयसापेक्ष बनेंगी। यह पहल जनसुविधा के प्रति डाक विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और आम जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगी।

# पहला पुलिस कमिश्नर बनने कुर्सी दौड़

## रायपुर शहर में 23 जनवरी से लागू होगा

**रायपुर, 10 जनवरी।** रायपुर का पहला पुलिस कमिश्नर बनने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में कुर्सी दौड़ शुरू हो गई है। दूसरी ओर गृह विभाग ने भी कमिश्नर के लिए योग्य व अनुभवी चेहरे का चयन करने मंथन तेज कर दिया है। दरअसल दौड़ में शामिल पुलिस अधिकारी पहले कमिश्नर के रूप में नाम दर्ज कराने की चाह रखते हैं। इसके अलावा कमिश्नर को कई तरह की शक्तियां प्राप्त होगी।

पता चला है कि पुलिस कमिश्नर बनने की दौड़ में बिलासपुर के आईजी संजीव शुक्ला, वरिष्ठ आईपीएस बद्रीनारायण मीणा व दीपक कुमार झा के नाम शामिल हैं। मीणा पूर्व में रायपुर के एसएसपी रह चुके हैं। उनको लंबा व अच्छा प्रशासनिक अनुभव है। वे सख्त मिजाज के हैं तथा कानून व्यवसथा को नियंत्रित करने में उनकी अच्छी पकड़ है। दीपक झा की पहचान फील्ड में पोस्टिंग के दौरान शानदार पुलिसिंग तथा अनुशासनात्मक कार्यशैली के रूप में है। संजीव शुक्ला को रायपुर की भौगोलिक स्थिति का अच्छा ज्ञान है। वे रायपुर के ही रहने वाले हैं। उनको रायपुर के तासीर की




अच्छी जानकारी है। इन नामों के अलावा आईपीएस अजय यादव, सुंदरराज पी. व अमरेश मिश्रा के भी नाम सामने आए हैं। छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नरी एकदम नई व्यवस्था है। इसे पहले रायपुर में लागू किया जा रहा है। यह व्यवस्था शहरी क्षेत्र के 22 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू की जाएगी। शेष ग्यारह थाने एसएसपी के अधीन रहेंगे। पुलिस कमिश्नर के रूप में किसी एक पुलिस अधिकारी का चयन व नियुक्ति मुख्यमंत्री के साथ ही गृह मंत्री से विचार-विमर्श के बाद की जाएगी। ऐसे अधिकारी की तलाश है जो नई व्यवस्था को सुचारू रूप से व मजबूती से स्थापित कर सके। कमिश्नर के लिए रायपुर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। वे पूर्व में भी रायपुर में पदस्थ रह चुके हैं। ज्ञात हो कि रायपुर शहर में पुलिस कमिश्नर व्यवस्था 23 जनवरी से लागू हो जाएगी। इसके लिए सक्रिय व अनुभवी अधिकारियों व कर्मियों की टीम बनाई जाएगी। पुलिस कमिश्नर व्यवस्था लागू होने के पूर्व पुलिस विभाग में तबादले हो सकते हैं। कई जिलों के एसपी बदले जाएंगे।

# यौन शोषण मामले में 50 हजार का इनामी डॉक्टर रमीज गिरफ्तार

**रायपुर, 10 जनवरी।** राजधानी में चर्चित धर्मांतरण और यौन शोषण प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी डॉक्टर रमीज को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से पुलिस की रडार पर रहा यह आरोपी विशाखा कमेटी की जांच में भी दोषी पाया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही रमीज फरार था और पुलिस को उसकी तलाश में लगातार छापेमारी करनी पड़ रही थी। शुक्रवार को मिली पुख्ता इंटेलिजेंस सूचना के आधार पर नेपाल बॉर्डर के पास सक्रिय टीम ने उसे दबोच लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी डॉक्टर रमीज ने कबूल किया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद वह नेपाल भाग गया था। इस दौरान उसे कुछ स्थानीय और बाहरी लोगों से मदद भी मिली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था और शुक्रवार को फिर से सुरक्षित स्थान की तलाश में था। इसी बीच इंटेलिजेंस यूनिट से सूचना मिली कि रमीज नेपाल बॉर्डर की ओर बढ़ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की विशेष टीम को अलर्ट किया गया और सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई।

जैसे ही आरोपी ने बॉर्डर पार करने की कोशिश की, पहले से मुस्तैद पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय आरोपी पूरी तरह सतर्क था, लेकिन पुलिस की रणनीति के आगे उसकी एक न चली। सुरक्षा कारणों से पुलिस ने कुछ समय तक गिरफ्तारी की जानकारी सार्वजनिक नहीं की।



### मोबाइल फोन से मिले अहम सबूत

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के पास से उसका मोबाइल फोन बरामद किया है, जो जांच के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। प्रारंभिक जांच में फोन से कई ऐसे डिजिटल साक्ष्य मिले हैं, जो मामले की गंभीरता को और पुख्ता करते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल में कई संपर्क, चैट और अन्य डिजिटल ट्रेल मौजूद हैं, जो धर्मांतरण नेटवर्क और यौन शोषण से जुड़े पहलुओं की ओर इशारा करते हैं।

### एडवरटाइजिंग एजेंसी के संचालक ने की खुदकुशी

**फ्लैट में फंदे से लटका मिला शव**

**रायपुर, 10 जनवरी।** राजधानी के न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक कारोबारी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान रंजन पुरोहित के रूप में हुई है, जो शहर में एक एडवरटाइजिंग एजेंसी का संचालन करते थे. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजन पुरोहित पिछले कुछ समय से व्यापार में हो रहे नुकसान के कारण मानसिक तनाव से गुजर रहे थे. हालांकि आत्महत्या के कारणों को लेकर पुलिस ने अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. बताया गया है कि रंजन पुरोहित अपने परिवार के साथ न्यू राजेंद्र नगर स्थित एक अपार्टमेंट के फ्लैट में रहते थे.

उन्होंने इसी फ्लैट के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी उस समय हुई जब परिजन कमरे में पहुँचे, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही न्यू राजेंद्र नगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. मामले की जाँच जारी है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं.

# विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 10 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक कार्यक्रम में कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। व्यापार जगत की बेहतरी और ग्राहकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जीएसटी दरों में कटौती की गई, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। जीएसटी रिफॉर्म्स से कई वस्तुओं की कीमत में कमी आई है। जीएसटी की प्रक्रिया को काफी सुगम बनाया गया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति को देश-विदेश में सराहा जा रहा है। लगभग आठ लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हो चुके हैं। हर सेक्टर में हमें ये निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिनपर धरातल पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। प्रदेश में रोजगार सृजन पर हमारा विशेष फोकस है। नई उद्योग नीति में एक हजार से अधिक रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमियों को विशेष इंसेंटिव प्रदान करने के प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में रोटरी क्लब और उद्यमियों की



भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ को लगभग 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ये बहुत खुशी की बात है कि रोटरी क्लब द्वारा आयोजित इस एक्सपो का यह 16वां वर्ष है। रोटरी क्लब सेवा से जुड़ी एक संस्था है। रोटरी क्लब द्वारा पोलियो निर्मूलन के कार्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।

### आश्रम में मनाई जाएगी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**रायपुर, 10 जनवरी।** विवेकानंद आश्रम रामकृष्ण मिशन रायपुर में आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विशेष पूजा पाठ एवं भजन तथा प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। ज्ञात रहे 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जन्म दिवस युवा दिवस के रूप पूरे देश में मनाया जाता है।

भारत के सुप्रसिद्ध विचारक, चिंतक एवं युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में धर्म संसद में जाकर हिन्दू धर्म की चर्चा की थी तथा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की नई पहचान दिलाई थी। भारत आने के पश्चात उन्होंने अपने गुरू स्वामी रामकृष्ण परमहंस की स्मृति में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की स्थापना की थी। रायपुर में भी वे कुछ दिनों के लिए वे अपने रिश्वेदार के यहां आए थे। विवेकानंद आश्रम रायपुर की स्थापना स्वामी आत्मानंद ने की थी। उन्होंने नारायणपुर में 100 एकड़ में आश्रम की स्थापना की थी, जिसके चलते यहां पर काफी विकास हो रहा है। मिशन के निर्देशानुसार हिन्दी तिथि के अनुसार विवेकानंद का 165 जन्म दिवस मनाया जा रहा है। इसके पश्चात यहां वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 25 तारीख से यहां पर भागवत का प्रवचन होगा। भारत शासन के युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद की जन्म दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप मनाया जाता है।

## एनआईटी रायपुर में मनाया गया स्थापना दिवस

**रायपुर, 10 जनवरी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर में 09 जनवरी 2026 को 21वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम और श्रुति 25 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक डॉ एन वी रमना




राव उपस्थित रहे। इसके साथ ही डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ मनोज चोपकर, हेड, करियर डेवलपमेंट सेल, डॉ समीर बाज़पाई, संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी, पूर्व छात्र, विद्यार्थी और उनके परिवारजन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत अतिथियों और विशिष्ट व्यक्तियों का स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। डॉ मनोज चोपकर ने स्थापना दिवस पर अतिथियों, विशिष्ट व्यक्तियों और उपस्थित सभी का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने एनआईटी रायपुर के विकास और परिवर्तन को रेखांकित किया, जब यह सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज से एक अग्रणी संस्थान के रूप में विकसित हुआ जो स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है। उन्होंने शिक्षण, नवाचार और शोध में हुए प्रगतियों पर प्रकाश डाला और इनोवेशन सेल अन्य पहलों के माध्यम से छात्रों के प्रभावशाली विचारों को प्रोत्साहित करने की बात कही। डॉ समीर बाज़पाई ने कहा कि संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और प्रगति के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने छात्रों से क्लबों और समितियों द्वारा आयोजित अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा दी। डॉ एन वी रमना राव ने संस्थान की प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता प्राप्त करने की यात्रा पर प्रकाश डाला।

# पीएससी परीक्षा परिणाम, हाईकोर्ट में आयोग ने लगाया कैविएट

**रायपुर, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग राज्य में 2025 के कुल 265 पद के लिए विज्ञापन दिया है। इसके पश्चात यहां पर परीक्षा परिणाम और चयन सूची के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका को देखते हुए अब पीएससी हाईकोर्ट की शरण में चला गया है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विज्ञापन क्रमांक 06/2025 दिनांक 26/11/2025 रोजगार नियोजन में प्रकाशित विज्ञान की तिथि 03/12/2025 के अनुसार परीक्षा दिनांक 12/12/2025 के द्वारा राज्य सेवा परीक्षा के कुल 265 पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। इसमें सरकार के डिप्टी कलेक्टर वित्त सेवा सहित अन्य विभागों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है। लोकसेवा आयोग के अनुसार पिछले कई वर्षों में परीक्षा परिणाम तथा चयन को लेकर कई आवेदक कोर्ट में जा चुके हैं। इससे पीएससी की छबि को धक्का लगा है।

पीएससी के अधिवक्ता सुदीप अग्रवाल द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष एक कैबिएट आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, इस हेतु यह सूचना पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है। सचिव के अनुसार विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पद हेतु चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा



किसी भी कारण को आधार बनाते हुए आयोग के उक्त परीक्षा के आयोजन, परीक्षा परिणाम, अंतिम चयन सूची परिणाम की कार्रवाही को निरस्त करने/स्थगित करने अथवा किसी भी प्रकार की कार्यवाही को अनुतोष को प्राप्त करने के लिए कोई भी रीट याचिका अथवा कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाती है तो ऐसी याचिका में आयोग को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए आयोग ने वरिष्ठ अधिक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल को उच्च न्यायालय में अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है। आयोग के सचिव के अनुसार कैबिएट आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने के लिए यह सूचना पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है।

## धान घोटाले पर पर्दा डालने चूहों को बता रहे दोषीः कांग्रेस

**रायपुर, 10 जनवरी।** कवर्धा जिला में 7 करोड़ के धान घोटाला के लिए चूहा को जिम्मेदार ठहराये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कवर्धा के दो धान संग्रहण केंद्रों से 26 हजार क्विंटल 7 करोड़ की कीमत का धान गायब है और जिम्मेदार इस घोटाला पर पर्दा करने इसे चूहा के द्वारा खाना बता रहे है। उन्होंने ने कहा 20223-24 में 1000 करोड़ के धान की गड़बड़ी हुई थी, जिसकी कोई जांच नही हुई। अब 2024-25 में हजारों करोड़ की धान घोटाला हुआ है, ये सब भाजपा सरकार के संरक्षण में हुआ है। भाजपा सरकार कवर्धा में हुई 7 करोड़ के धान घोटाला के लिए चूहों को जिम्मेदार ठहरा रही है, तो बाकी करोड़ो धान की हेराफेरी हुई उसके लिए किसको जिम्मेदार ठरायेगी?



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में धान घोटाला, चावल घोटाला, टेंडर घोटाला, दवा खरीदी घोटाला, बारदाना खरीदी घोटाला, शराब घोटाला सहित हर योजना में घोटाला हो रहा है। भाजपा का मूल काम भी भ्रष्टाचार करना है। 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान भी धान नान सायकल मोबाईल खरीदी जमीन घोटाला हुआ था वही दौर फिर आ चुका है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कवर्धा जिला सहित प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों की जांच की जाये सभी जगह अनियमितता की शिकायत है। कवर्धा जिला में 7 करोड़ के धान की गड़बड़ी की वसूली की जाये जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही हो।

**कार्रवाई** — राजधानी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ नगर निगम ने अपनाया सख्त रुख

# अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर चला बुलडोजर

**रायपुर, 10 जनवरी।** राजधानी रायपुर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफनगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए फिर बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम जोन क्रमांक-9 की टीम ने मोवा क्षेत्र में लगभग 7 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। मौके पर बनाई गई मुरूम डालकर सड़क को जेसीबी मशीन से काटकर पूरी तरह से बाधित कर दिया, ताकि आगे किसी भी प्रकार का अवैध प्लॉटिंग व निर्माण कार्य न हो सके।

गुरुवार को नगर निवेश विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि मोवा इलाके में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति के सड़क बनाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जांच में पुष्टि होने के बाद निगम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरी सड़क को उखाड़ दिया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा के निर्देश पर की गई है।

नगर निगम जोन-9 ने रायपुर तहसीलदार और पंजीयक कार्यालय को पत्र भेजकर संबंधित भूमि के वास्तविक स्वामी की जानकारी मांगी है। जैसे ही भूमि स्वामी और निर्माणकर्ता की पहचान होगी,




उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसी क्रम में दलदल सिवनी मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से बनाए गए लेबर क्वार्टर को भी निगम की टीम ने जेसीबी से तोड़ दिया। वहीं नगर निगम के जोन क्रमांक 9 की टीम ने ने आमासिवनी बाजार में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पक्की दुकान बनाकर व्यवसाय कर रहे रहे लोगों को वहां से खदेड़ा गया और पक्के निर्माण पर बुलडोजर चला उसे जमींदोज कर दिया। नगर निगम जोन 9 के अंतर्गत आमासिवनी बाजार में लगभग 2000 वर्गफीट शासकीय भूमि पर कब्जा जमाकर वहां दुकान बनाकर व्यवसाय संचालन किया जा रहा था, जिसपर रोक लगाने संबंधित कब्जाधारी को नियमानुसार नोटिस देने के बाद यह अभियान चलाकर जेसीबी मशीन की सहायता से व्यवसायिक दुकान तोडकर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

नगर निगम के अधिकारियों ने ये स्पष्ट कर दिया है कि रायपुर शहर में अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफआगे भी इसी तरह का सघन अभियान चलाया जाएगा और किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण प्लॉटिंग व निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रायपुर नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप के निर्देशानुसार इस कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता संदीप तिवारी और सैयद जोहेब, उप अभियंता अतुल बंसल, शरद ध्रुव सहित निगम का अमला मौके पर मौजूद रहा। निगम प्रशासन का कहना है कि अवैध प्लाटिंग से न सिर्फशासन के राजस्व को नुकसान होता है, बल्कि भविष्य में नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं की भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

## भवन सामग्री नाली पर रखा, 10 हजार जुर्माना

### तीन दुकानदारों पर गंदगी फैलाने पर 1200 रुपये का अर्थदंड

**रायपुर, 10 जनवरी।** रायपुर नगर पालिक निगम को प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन क्रमांक 5 अंतर्गत ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्रमांक 39 के क्षेत्र में भवन स्वामी सोनू सुन्दरियां द्वारा भवन निर्माण कार्य से सम्बंधित भवन निर्माण सामग्री को नाली के ऊपर रखा गया था, जिससे कि नाली का पानी सड़क पर बहने के कारण आसपास के रहवासियों को मार्ग से आवागमन में अत्यंत असुविधा हो रही थी, इस सम्बन्ध में प्राप्त जनशिकायत औचक निरीक्षण के दौरान सम्बंधित स्थल पर सही पायी गयी.

इस पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा द्वारा तत्काल स्थल पर सम्बंधित भवन स्वामी पर 10000 रूपये का जुर्माना किया गया. साथ ही वहाँ 3 दुकानदारों पर गन्दगी फैलाये जाने पर कुल 1200 रूपये जुर्माना




सम्बंधित दुकान संचालकों पर स्थल पर स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी, निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति में किया गया. कुल 11200 रूपये जुर्माना सम्बंधितों से उन्हें भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देशानुसार वसूला गया और प्राप्त जनशिकायत का सम्बंधित स्थल पर त्वरित निदान किया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26